● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 152, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 10 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





मैं दिल्ली में बस 2-3 दिन ही रुकता हूँ : गडकरी 5

विराट ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास के फैसले पर तोड़ी चुप्पी 6

## कैम्पा निधि के अंतर्गत 1038 करोड़ रूपये के उपयोग की स्वीकृति

### विद्युत वितरण कंपनियों में 49 हजार 263 नवीन नियमित पदों की स्वीकृति

**कृषकों के सिंचाई जलकर में से ब्याज राशि माफ किए जाने का निर्णय**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक बुधवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि (कैम्पा निधि) के लिए वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य आयोजना में अनुमोदित कार्यों के क्रियान्वयन के लिए 1478 करोड़ 38 लाख में से 1038 करोड़ रूपये के उपयोग की स्वीकृति दी गयी। इस राशि का 80 प्रतिशत वन एवं वन्यप्राणी प्रबंधन एवं 20 प्रतिशत वन और वन्यजीव संबंधी अधोसंरचना के सुदृढीकरण पर व्यय किया जाता है।

स्वीकृति अनुसार मध्यप्रदेश में विगत वर्षों के कार्यों के रख-रखाव, क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, लैण्डस्केप के आधार पर बिगड़े वनों का सुधार, नदियों के पुनर्जीवन के लिए उनके जलग्रहण क्षेत्र के वनीकरण, मृदा एव जल संरक्षण के कार्य, ग्रामीणों की आजीविका के लिए ग्रामों की सीमा से लगे वनक्षेत्रों में बांस प्रजाति सहित वृक्षारोपण, वन्यप्राणी संरक्षित क्षेत्रों के गांवों से स्वैच्छिक विस्थापन, बफर क्षेत्र सहित संरक्षित क्षेत्रों में रहवास का विकास, नगर वनों की स्थापना, वन एवं वन्यप्राणी संबंधी अधोसंरचना सुदृढीकरण और ग्रामीणों की क्षमता विकास से संबंधित कार्य किये जायेंगे।

मंत्रि-परिषद द्वारा सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 66 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना, संचालन तथा भवन निर्माण की स्वीकृति दी गयी। स्वीकृति अनुसार 66 आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 66 पद (मानसेवी), आंगनबाड़ी सहायिका के 66 पद (मानसेवी) तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के पर्यवेक्षण के लिए पर्यवेक्षक के 02 पद नियमित शासकीय सेवक पद वेतनमान 25,300-80,500 के सृजन की स्वीकृति दी गयी।

वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक योजना पर राशि का व्यय भारत सरकार द्वारा प्राप्त स्वीकृति के अनुसार किया जायेगा। उल्लेखित अवधि में योजना पर 15 करोड़ 21 लाख रूपये का व्यय अनुमानित है, जिसमें केन्द्रांश राशि 9 करोड़ 55 लाख रूपये एवं राज्यांश राशि 5 करोड़ 66 लाख रूपये है।

मंत्रि-परिषद द्वारा लेक व्यू रेसीडेंसी होटल भोपाल को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन, हस्तांतरण के आधार पर जन-निजी भागीदारी के अंतर्गत होटल का विकास, संचालन एवं रखरखाव और प्रबंधन के लिए निजी निवेशक के पक्ष में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम / मध्यप्रदेश होटल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा निष्पादित की जाने वाली लीज पर भारित पंजीयन व मुद्रांक शुल्क की प्रतिपूर्ति पर्यटन विभाग के विभागीय बजट से निजी निवेशक को किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी को नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान

### ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस से नवाजे गए



**विंडहोक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नामीबिया ने भी सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाज दिया है। पीएम मोदी को बुधवार को नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस से सम्मानित किया गया। मई 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के पदभार ग्रहण करने के बाद से किसी विदेशी सरकार की ओर से उन्हें प्रदान किया गया यह 27वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसके बाद दोनों देशों ने ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह ने कहा कि नामीबिया के संविधान की ओर से मुझे दी गई शक्ति के तहत मुझे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस प्रदान करने का सम्मान प्राप्त हुआ है, जिन्होंने नामीबिया और विश्व स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास और शांति एवं न्याय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मानित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। मैं राष्ट्रपति, नामीबिया सरकार और नामीबिया की जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से विनम्रतापूर्वक यह सम्मान स्वीकार करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह भारत और नामीबिया की मित्रता का साक्षी है। आज इससे जुड़कर मुझे अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। मैं यह सम्मान नामीबिया और भारत के लोगों, उनकी निरंतर प्रगति और विकास तथा हमारी अटूट मित्रता को समर्पित करता हूं।

## रिटायरमेंट के बाद वेद-उपनिषद और प्राकृतिक खेती पर करूंगा फोकस : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर बुधवार को गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की सहकारिता क्षेत्र से जुड़ीं महिलाओं और अन्य सहकारी कार्यकर्ताओं के साथ सहकार-संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में सहकारी क्षेत्र महिलाओं को आत्मनिर्भर करने का मजबूत माध्यम बना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सहकार-संवाद कार्यक्रम में बनासकांठा का जिक्र किया और कहा कि जब मैं पैदा हुआ था, तब बनासकांठा के लोगों को सप्ताह में सिर्फ एक बार नहाने के लिए पानी मिल पाता था। मध्य प्रदेश और राजस्थान के लोगों को शायद इसका अंदाजा न हो, लेकिन बनासकांठा और कच्छ गुजरात के सबसे ज्यादा पानी की कमी वाले जिलों में से थे। आज एक परिवार सिर्फ दूध उत्पादन से सालाना 1 करोड़ कमाता है। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सहकार-संवाद कार्यक्रम में कहा कि मैंने निर्णय लिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद मैं अपना शेष जीवन वेदों, उपनिषदों और प्राकृतिक खेती के अध्ययन के लिए समर्पित करूंगा। प्राकृतिक खेती एक वैज्ञानिक प्रयोग है, जिसके अनेक लाभ हैं। रासायनिक उर्वरकों से उगाए गए गेहूं से अक्सर कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्राकृतिक खेती न केवल शरीर को रोगमुक्त रखने में मदद करती है, बल्कि कृषि उत्पादकता को भी बढ़ाती है। अमित शाह ने आगे कहा, सहकारिता मंत्रालय पीएम मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन के अनुसार किसानों को सशक्त बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है।

## वडोदरा में महिसागर नदी पर बने पुल का एक हिस्सा गिरा, नौ लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** गुजरात के वडोदरा जिले के पादरा तालुका में आणंद और पादरा को जोड़ने वाले एक पुल का हिस्सा ढह गया। पुल के टूटते ही कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए। बताया जा रहा है कि इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है, जबकि नौ लोगों को बचा लिया गया है। इस घटना पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने दुख जताया और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने हादसे के शिकार हुए लोगों के लिए मुआवजे का भी एलान किया है।

## अवैध वोटरों के कंधे पर राजनीति करना चाहता है विपक्ष : रविशंकर



**नई दिल्ली।** पटना समेत राज्य के कई जिलों में आज विपक्षी इंडिया गठबंधन ने बिहार बंद बुलाया, जिसका मकसद था राज्य में मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया का विरोध करना था। वहीं दूसरी ओर बीजेपी नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, जो जहां रहता है, उसे वहीं से वोट देना चाहिए। विपक्षी दल ऐसे लोगों के नाम वोटर लिस्ट में रखना चाहते हैं, जिनका वहां से कोई लेना-देना नहीं है। ये लोग घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराकर राजनीति करना चाहते हैं। रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल उठाया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन मतदाता सूची के संशोधन का विरोध क्यों कर रहा है? क्या वे ऐसे लोगों को लिस्ट में रखना चाहते हैं जो वहां के निवासी नहीं हैं या जिनके नाम गलत तरीके से दर्ज किए गए हैं? उन्होंने कहा, चाहे वो रोहिंग्या हों या कोई और, जो लोग गलत तरीके से वोटर बने हैं, उन्हें हटाया जाना चाहिए। अगर वोटर लिस्ट की समीक्षा ईमानदारी से हो रही है, तो फिर विपक्ष को क्या दिक्कत है? रविशंकर प्रसाद ने यह भी कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव जैसे नेता सड़कों पर उतर रहे हैं, ये उनका अधिकार है, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि क्या यह सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाने की कोशिश है? क्योंकि कल सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई होनी है। वहीं, पटना में बिहार बंद के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा, महाराष्ट्र में जैसे चुनाव में धांधली हुई थी, वैसी ही कोशिश बिहार में भी की जा रही है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोलते हुए उसे गोदी आयोग कह दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी, अमित शाह और नीतीश कुमार के इशारे पर बिहार के गरीबों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की तैयारी की जा रही है।

## चुरू में जगुआर फाइटर जेट क्रैश, दो लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चुरू के पास बुधवार सुबह एक जगुआर प्रशिक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के दो पायलटों की मौत हो गई। आईएएफ ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की गई है।

वायुसेना ने अपने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि आज राजस्थान के चुरू के पास एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान भारतीय वायुसेना का एक जगुआर प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलटों को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौत हो गई।

## अंतरिक्ष में किसान बने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

### मेथी और मूंग के बीज के साथ कर रहे प्रयोग

**वाशिंगटन।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने 14 दिवसीय प्रवास के 12 दिन पूरे कर चुके हैं। इन 10 दिनों में उन्होंने कई प्रयोग किए। प्रयोगों के क्रम में उन्होंने किसान की भी भूमिका निभाई। उन्होंने अपने साथ ले गए मेथी और मूंग के बीजों का अंकुरण किया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में स्प्राउट्स प्रोजेक्ट को सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंकुरण और पौधों के शुरुआती विकास और उन पर पड़ने वाले असर का अध्ययन करने के लिए अंजाम दिया जा रहा है। बता दें कि पृथ्वी पर स्प्राउट्स प्रोजेक्ट का नेतृत्व कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ के रविकुमार होसामणि और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धारवाड़ के सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस की ओर से इस शोध को लेकर जारी बयान में कहा गया है कि पृथ्वी पर वापस आने के बाद इन बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा।

## भारत बंद का मिला-जुला रहा असर



**नई दिल्ली।** भारत बंद का पूरे देश में मिला-जुला असर देखा जा रहा है। बिहार में राजद-कांग्रेस के चक्का जाम के कारण भारत बंद ज्यादा प्रभावी दिखाई दे रहा है जहां इन दलों के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह बसें-ट्रेन यातायात को प्रभावित किया है। पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों में भी इसका असर दिखाई दे रहा है, लेकिन देश की राजधानी दिल्ली इस बंद से पूरी तरह अछूती दिखाई दे रही है जहां सड़कों पर बसें सामान्य तरीके से चल रही हैं। स्कूल-कॉलेज खुले हैं और निजी संस्थानों-बैंकों में सामान्य कामकाज हो रहा है। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) इस भारत बंद में शामिल नहीं है।

दस के करीब वामपंथी केंद्रीय कर्मचारी संघों ने आज नौ जुलाई को भारत बंद का आह्वान किया था। दावा है कि इन संघों में 25 करोड़ के करीब निजी-सरकारी और सहकारी संस्थाओं के कर्मचारी शामिल हैं और ये सभी इस भारत बंद के समर्थन में हैं। इन श्रमिक संघों का आरोप है कि केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों से श्रमिक संघों से कोई मुलाकात नहीं की है और सरकार श्रमिकों-कर्मचारियों के हित में कोई निर्णय नहीं ले रही है। इन संघों ने आरोप लगाया है कि सरकार कर्मचारियों-श्रमिकों की बजाय उद्योगपतियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रही है।

श्रमिक संघों की मांग है कि निजी-सहकारी क्षेत्रों में काम करने वाली संस्थाओं में न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाए।

## मुख्यमंत्री आज भोपाल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में होंगे शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 जुलाई को भोपाल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम तात्या टोपे नगर के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय में दोपहर 12:30 बजे से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस मौके पर कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे और विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह करेंगे। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद श्री आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक सर्वश्री रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री और भगवान दास सबनानी उपस्थित रहेंगे।

## चुनाव आयोग बिहार में हमारे वोटरों की चोरी कर रहा : राहुल

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला है। पटना में इंडिया गठबंधन के चक्काजाम में प्रदर्शन करने पहुंचे राहुल गांधी ने अपना संबोधन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव को महाराष्ट्र के तरह ही चोरी करने की कोशिश की जा रही है। गरीबों के हक को छीनने की साजिश रची जा रही है। लेकिन हमलोग ऐसा नहीं करने देंगे। हमलोग बिहार की जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। इंडिया गठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है। राहुल कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन जीतकर आया, जबकि विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन बुरी तरह हार गया।

## पौधरोपण कर इनके संरक्षण के लिए काम करें : सीएम योगी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्राकृतिक आपदा का सामना पूरी दुनिया को करना पड़ रहा है। अमेरिका जैसे देश भी इससे सुरक्षित नहीं है। यह अनियोजित विकास का परिणाम है। ऐसे में हमें विकास के साथ पर्यावरण की रक्षा करनी ही होगी। पौधरोपण अभियान अपनी मां के नाम कृतज्ञता ज्ञापित करने का मौका देता है इसलिए इस अभियान को एक पेड़ मां के नाम नाम दिया गया है। आज के दिन पौधरोपण कर इनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए काम करें। सीएम योगी बुधवार को सरयू किनारे रामपुर हलवारा में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महा अभियान के तहत सिटी फॉरेस्ट और किष्किंधा वन की सौगात देते हुए पौधरोपण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण की रक्षा करने के लिए कई तरह की तकनीक विकसित हो चुकी है। इससे पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास भी सुनिश्चित किया जा सकता है। इन दोनों में संतुलन बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 204 करोड़ पौधे रोपित किए गए हैं। इनमें से 75 फीसदी से ज्यादा पेड़ जीवित हैं। पांच लाख एकड़ क्षेत्र में प्रदेश में वन क्षेत्र बढ़ा है। अब हम हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर बढ़ रहे हैं। इससे पहले सीएम योगी ने त्रिवेणी वाटिका में नीम, पीपल और बरगद के पौधे रोपित किए।

## बिहार में विपक्षी दलों का चक्काजाम, कई एनएच जाम



**पटना।** बिहार बंद का पूरे राज्य में असर दिखा। चुनाव आयोग के खिलाफ इंडिया गठबंधन की ओर से बुलाए गए बंद में कांग्रेस, राजद, वामदल, वीआईपी समेत सभी सातों विपक्षी दलों के कार्यकर्ता सड़क और रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन करते दिखे। पटना में राहुल गांधी भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

विपक्ष के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया। सुबह छह बजे से सड़कों पर उतरे इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने करीब तीन बजे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान बिहार के करीब 10 से अधिक नेशनल हाईवे को जाम रखा गया। पटना को उत्तर बिहार से जोड़ने वाले सेतु को बंद कर दिया गया। इससे लोगों काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जिलों में लोगों का जाम का सामना करना पड़ा। मुजफ्फरपुर में दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, जहानाबाद, पटना, मुंगेर समेत कई जगहों पर ट्रेन रोकी गई। दरभंगा में नमो भारत और मुजफ्फरपुर में वंदे भारत ट्रेन को रोककर प्रदर्शन किया गया। इधर, पटना में पप्पू यादव ने राहुल गांधी से मिलने की कोशिश की लेकिन दोनों की मुलाकात की तस्वीर कैमरे में कैद नहीं हो पाई। हालांकि, पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए और चुनाव आयोग का विरोध किया। विपक्षी पार्टियों द्वारा बुधवार को किए गए बिहार बंद के आह्वान का रोहतास में मिला-जुला असर देखने को मिला। जिला मुख्यालय सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौराहे पर बिहार बंद के समर्थन में उतरे कांग्रेस, राजद, वीआइपी, सीपी आई एमएल समेत अन्य राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तथा निर्वाचन आयोग एवं सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सासाराम में प्रदर्शन कर रहे स्थानीय विधायक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार पूरी तरह हताश हो चुकी है। देश के तमाम स्वायत्त संस्थानों पर कब्जा किया जा रहा है और सरकार ने चुनाव आयोग को भी अपने नियंत्रण में ले लिया है। उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण को भाजपा द्वारा प्रायोजित बताया और कहा कि सरकार गरीब मजदूरों के वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है।

बिहार बंद का औरंगाबाद जिले में मिला-जुला असर रहा। जिले के सभी बाजार खुले रहे। बंद का असर करीब तीन घंटे के लिए सड़कों पर ही रहा। बंद समर्थकों ने सारा गुस्सा सड़कों पर ही निकाला। सुबह के नौ बजे के बाद बंद समर्थक सड़कों पर उतरे और एनएच-19, 120 और 139 समेत स्टेट हाइवे और अन्य महत्वपूर्ण पथों को जाम किया और सड़क पर ही धरना पर बैठ गए। सड़कों को जाम किए जाने से रफ्तार पर ब्रेक लग गया और सैकड़ो वाहन जाम में फंस गए।

# दबंगों ने किया प्राण घातक हमला, पुलिस ने सामान्य धाराओं पर दर्ज की एफआईआर

## सामान्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर करते हैं खेल,पीड़ित एएसपी से की फरियाद, कोतवाली थाना क्षेत्र के कचनी का मामला

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र में अपराधी बैखौफ अपराध को अंजाम देकर खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी है। इसका प्रमाण एसपी कार्यालय का चक्कर लगा रहे कचनी के रहने वाले विवेकानंद शर्मा हैं। पीड़ित के ऊपर गांव के ही रहने वाली एक महिला सहित दो व्यक्ति ने लोहे की राड़ से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। शिकायत के बाद भी पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ सामान्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया नतीजा फिर से आरोपी धमकी दे रहे हैं। लिहाजा, पीड़ित परिवार अधिकारियों के चौखट पर जान-माल की सुरक्षा और हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग एएसपी से की है।



मिली जानकारी के मुताबिक, कोतवाली थाना क्षेत्र के रहने रहने वाले विवेकानंद शर्मा पिता हरी राम शर्मा निवासी ग्राम तेलाई पोस्ट कचनी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि गौरव सिंह के निर्माणाधीन घर की चौकीदारी करता था। जहां 19 जून के मध्य रात्री को रावेन्द्र शर्मा उर्फ सुकुल शर्मा उनकी पत्नी सीमा शर्मा साथ में अन्य 2 लोगो के साथ प्रार्थी के साथ धार दार लोहे के राड से प्रार्थी के चेहरे पर हमला किया गया। जिससे प्रार्थी का जबड़ा तीन जगह टूट गया और दात भी टुट गये। प्रार्थी के बाये ऑख पर गम्भीर चोट आई। साथ में नाक एवं मुहँ से खुन निकल रहा था। प्रार्थी धीरे-धीरे अपने घर पहुंचा तब प्रार्थी की पत्नी एवं बच्चे प्रार्थी को लेकर हॉस्पिटल में गये। जहाँ उनका उपचार किया गया। प्रार्थी की स्थिति गम्भीर होने के कारण प्रार्थी को इलाज के लिए जबलपुर नेता जी सुबास चंन्द्र बोस मेडिकल कालेज ले जाया गया। प्रार्थी की पत्नी ने 20 तारीख की सुबह थाने आ कर घटना की शिकायत की। जहां कोतवाली पुलिस ने सामान्य धाराओं में मामला कायम कर लिया। जिसके चलते अभी अपराधी खुले आम घूम रहें है, और अपराधी पीड़ित को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। जबकि पीड़ित के पत्नी ने पूर्व में थाने में घटना की दो बार लिखित सूचना दे चुकी है, पीड़ित परिजन ने कहा है कि आज उनके साथ कोई घटना दुर्घटना होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आरोपी की होगी।

### सामान्य और गंभीर धाराओं पर पुलिस करतीं हैं खेल

पीड़ित परिवार ने शिकायत की है कि दबंगों ने विवेकानंद पर जानलेवा हमला किया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को गंभीर हालत में देखने के बाद भी सामान्य धारों पर मामला दर्ज किया। पुलिस वाले कहते रहे की पहले घायल का इलाज कराओ, हम कार्यवाही करेंगे। सूत्रों की माने तो पुलिस गंभीर मारपीट के मामलों में आरोपियों को डरा धमका के पैसे वसूलती हैं और सामान्य धाराओं पर मामला दर्ज कर विवेचना में लेती है पीड़ित पक्ष यदि पैरवी नहीं कर्ता तो पुलिस खूब पैसे वसूलते हैं। कोई कुछ मामलों में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मजबूरन धाराएं बढ़ाती है। चर्चा है कि पुलिस सामान्य और गंभीर धाराओं को लगाने लोगों पर दबाव बनाकर खेल खेलती है।

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेषण करने वाले दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास

## मोरवा थाना क्षेत्र के गोरबी का मामला

**सिंगरौली।** बीते वर्ष 2023 के 28-29 अगस्त की दरमियानी रात गोरबी बस्ती एक निवासी ने महुआ के पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। इस मामले में आत्महत्या के दुष्प्रेषण के लिए मोरवा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अब वर्ग विशेष की युवती को आत्महत्या के दुष्प्रेरण के लिए उसके प्रेमी समेत एक अन्य अभियुक्त को एससी/ एसटी न्यायालय ने दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा का फैसला सुनाया है। विशेष एससी/एसटी न्यायालय के न्यायाधीश खालिद मोहतरम अहमद ने अभियुक्त वीरेंद्र सिंह पिता मोती सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मुहेर थाना मोरवा जिला सिंगरौली एवं उसके साथी विद्यासागर उर्फ ऋषि जयसवाल पिता सत्यप्रसाद जायसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी थाना मोरवा को प्रकरण क्रमांक 49/23 अपराध क्रमांक 718/23 धारा 498ए, 306, 34 भारतीय दंड विधान तथा 3(2)(व्ही) एससी/एसटी एक्ट के तहत 10 वर्ष का श्रम कारावास एवं 3000 का अर्थदंड साथ ही एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(ङ्क) के तहत आजीवन श्रम कारावास एवं 3000 का अर्थ दंड की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि करीब एक वर्ष पूर्व 19 वर्षीय युवती ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में उस समय नवागत अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार पाण्डेय ने विवेचना की। जिसमें यह तथ्य सामने आया कि आरोपी वीरेंद्र कुमार का लंबे समय से प्रेम प्रसंग से युवती के साथ जारी था, तथा उसके बालिक होने के बाद वह उससे शादी करने से इनकार करने लगा। इसके बाद वह मोरवा थाने जा पहुँची। मामला बिगड़ता देख दोनों के परिजन मोरवा थाने में बैठे और सुला समझौता के बाद रिंकी वीरेंद्र के घर चली गई। हालांकि इस बीच वीरेंद्र का दोस्त विद्यासागर जायसवाल उर्फ ऋषि भी वहां पहुंचा और दोनों ने कूटनीतिक प्रयास कर रिंकी को घर से निकाल दिया। प्यार धोखा खाई रिंकी ने मुहेर के जंगल में जाकर महुआ के पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस मामले में तत्कालीन चौकी प्रभारी रहे उपनिरीक्षक विनय शुक्ला ने मामला दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों को उसकी जानकारी दी। जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार पाण्डेय ने मामले की विवेचना की। मामले की तफ्तीश में तथ्य सामने आये और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अब करीब साल भर बाद इस मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया है।

# सिंगरौली में बीएलओ का विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**सिंगरौली।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देश के परिपालन में एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र 80 सिंगरौली के बीलओ का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार एवं नगरीय तहसील सिंगरौली के सभागार एवं 81 देवसर देवसर विधानसभा के बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण सामुदायिक भवन माड़ा, सामुदायिक भवन बरगवा तथा सरई में आयोजित किया गया। । प्रशिक्षण के दौरान सभी बी.एल.ओ. द्वारा रोल प्ले एवं अन्य गतिविधियों द्वारा सरल व सहज तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा फॉर्म 6,7,8 को सही तरीके से भरने,फील्ड में आने वाली समस्याओं, ऑनलाइन ऐप के माध्यम से फॉर्म भरने आदि से संबंधित गतिविधियों में भाग लेते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया।



प्रशिक्षण के अंत में सभी का ऑनलाइन टेस्ट लिया गया । प्रशिक्षण में संबंधित क्षेत्रो के बूथ लेवल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# सरहंग ने तोड़ी अंबेडकर की मूर्ति और महिला के साथ की अभद्रता

## मामला बगदरा चौकी के नेवारी गांव का

**सिंगरौली।** जिले के गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदरा चौकी में बीते 7 जुलाई को तकरीबन 4 बजे एक सरहंग ने भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ते हुए महिला के साथ अभद्रता की है। उक्त मामले की शिकायत महिला ने बगदरा चौकी में की लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। बगदरा पुलिस के कार्य प्रणाली से क्षुब्ध होकर महिला ने पुलिस अधीक्षक और अजाक थाने में शिकायत करते हुए सरहंगग के खिलाफ कार्यवाही की पुरजोर माग की है।



पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में नेवारी निवासी सोन कली साकेत पति शिवबहोर साकेत ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन की भूमि में लगभग 15 वर्ष से भीमराव अंबेडकर और हनुमान जी की मूर्ति रखकर पूजा पाठ करती थी। जो बीते 7 जनवरी को तकरीबन 4 बजे सरहंग नागेंद्र उर्फ पप्पू भूर्तिया पिता सुख चंद्र भूर्तिया निवासी बछनार आया और अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने लगा। जब तोड़ते हुए देखा तो दौड़ कर गई और रोकने का प्रयास किया तो अभद्र गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगा। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि नागेंद्र उर्फ पप्पू भूर्तिया अंबेडकर का एक हाथ तोड़ते हुए कहा की इनकी पूजा तुम क्यों करती हो क्या तुम्हारे पति हैं। पीड़िता ने बताया कि कई तरह के अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया और कहां की यहां कोई मूर्ति नहीं रहेगी। क्योंकि यहां सामुदायिक भवन बनाएंगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि नागेंद्र उर्फ पप्पू भूर्तिया अपने पास ग्राम पंचायत नेवारी की आदिवासी सरपंच महिला की सील रखा हुआ है और फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी जमीन में 5 हजार रुपये प्रति व्यक्ति से लेकर सरकारी जमीन में घर बनवा रहा है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक और आजाक थाने में आवेदन देते हुए कहां है कि नागेंद्र उर्फ पप्पू भूर्तिया ने भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ा और मेरे साथ छेड़खानी कर मारपीट किया है। इसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

# नाबालिक किशोरी के साथ रेप, दो आरोपी गिरफ्तार

## बहला फुसलाकर साथ ले जाकर जघन्य घटना को दिया अंजाम, शिकायत के महज 3 घंटों के अंदर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** जिले के विन्ध्यनगर थाना में नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर जंगल में ले जाकर रेप करने का मामला सामना आया है। इस मामले में पीड़िता के परिजनों की ओर से शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महज 3 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया कि 9 जुलाई जून को नाबालिग घर में बिना किसी को बताए कहीं चलीं गईं। पता करने पर जानकारी लगीं की अरुण पाल मोटरसाइकिल से अपने दोस्त आशू पनिका के साथ जंगल में ले जाकर पीड़ित नाबालिक से शारीरिक संबंध बनाया है। जहां घर जाकर पीड़िता ने अपने आप बीती परिजनों से बताई। इसके बाद इस मामले की शिकायत विन्ध्यनगर थाने में दर्ज कराई गई। परिजनों की शिकायत पर इस मामले में थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। और महज 3 घंटे के भीतर ही आरोपी अरूण पाल पिता रामगोपाल पाल उम्र 19 वर्ष निवासी सेक्टर 4 नवजीवन बिहार और आशू पनिका पिता प्रेमलाल पनिका उम्र 19 वर्ष निवासी नवजीवन बिहार सेक्टर 4 थाना विन्ध्यनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पचोर जेल भेज दिया इनकी रही भूमिका - इस कार्यवाही में निरीक्षक अर्चना द्विवेदी थाना प्रभारी विन्ध्यनगर, उनि.शीतला यादव, मुनेन्द्र सिंह,नितिन गौतम, पंकज सिंह, रुकमणी तिवारी, आरक्षक मनोहर देवड़ा, सुरेश द्विवेदी, प्रताप कुमार, राजकुमार शर्मा की सराहनीय भूमिका रही ।

# युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 15 जुलाई को

सिंगरौली। जिले के बेरोजगार युवा युवातियो को रोजगार का अवसर उपलंब्ध कराने के उद्देश्य युवा संगम स्वरोजगार, रोजगार, अप्रैटिसशिप मेले का आयोजन कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय सिंगरौली,सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आईटीआई सिंगरौली के संयुक्त्त तत्वाधान से रोजगार मेले का आयोजन 15 जुलाई को प्रातः 11 बजे से रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर सिंगरौली में किया जा रहा है। रोजगार मेले मे भाग लेने वाली कम्पनिया रिलायंस शासन पावर लिमिटेड, रिलायंस कोल माईन्स मुहेर, आर.सेटी बैढ़न, यशस्वी ग्रुप, महान इनर्जेन लिमिटेड, ग्रो फास्ट एग्रोटेक, एसआईएस सिक्योरटी,, आर्या वेचर, पीएम केव्हीवाई, उत्कर्ष कौशल केन्द्र, भारत सिक्योरटी, सहित अन्य कम्पनियो द्वारा योग्यता अनुसार रोजगार का अवसर

# सड़क दुर्घटना में शिक्षक की गई जान

**सिंगरौली।** बुधवार सुबह सिंगरौली जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सड़क हादसा पेश आया। जहां दो बाइक सवार की सीधी भिड़ंत में एक बाइक चालक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम नौढिया वीरान थाना जियावन के रहने वाले शिव कुमार आदर्श शिक्षक के पद पर पदस्त थे और शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय करेला में पढ़ाते थे। वे प्रतिदिन नौढिया वीरान देवसर से विद्यालय आते जाते थे। बुधवार सुबह भी प्रतिदिन की तरह शिवकुमार आदर्श घर से अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटर सायकल से करैला स्कूल में पढाने के लिये निकले थे। जैसे ही काशी मोड भौडार पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक स्व्क66त्1465 के चालक से उनकी बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। इस घटना में शिवकुमार के सर पर गंभीर चोटें आई और उन्हें राहगीरों द्वारा इलाज हेतु बरगवां अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान शिवकुमार आदर्श पिता इन्दकिशोर कोल उम्र 47 वर्ष की मृत्यु हो गई। बरगवां पुलिस ने इस घटना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# भारत सरकार खाद्य मंत्रालय के अवर सचिन ने किया पीडीएस दुकानो एवं गोदाम का निरीक्षण

## अवर सचिव ने उपभोक्ताओ से चर्चा कर ली राशन वितरण के संबंध मे जानकारी

**सिंगरौली।** अवर सचिव खाद्य मंत्रालय भारत सरकार सुनील कुमार बर्मा एवं उनके सहयोगी सुमित टांक ने आज आकांक्षी जिला सिंगरौली में पीडीएस दुकानो गोदामो का निरीक्षण कर उपभोक्ताओ से चर्चा कर राशन वितरण के संबंध मे जानकारी ली। उन्होने पीडीएस दुकान सिम्पलेक्स कालोनी तथा नवानगर पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया।



अवर सचिव ने निरीक्षण के दौरान राशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को मिलने वाले राशन के संबंध में जानकारी ली। उन्होने अपने समंक्ष हितग्राहियो को राशन वितरण भी कराया। इस दौरान उपस्थित खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि राशन का वितरण समय पर पूरी पारदर्शिता के साथ कराए । राशन वितरण के दौरान कटौती न हो साथ ही राशन की गुणवत्ता मे किसी भी प्रकार की कमी नही होनी चाहिए। उन्होन उपार्जन केन्द्र चतरी तथा राशन गोदाम दुधमनिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि राशन गोदाम में उचित तरीके से राशन का रखा जाये। गोदाम मे सीलन न रहे इसका विशेश प्रबंध करे। साथ यह सुनिश्चित करे कि बर्षात के दौरान अनाज भीगे नही इसके लिए उचित प्रबंध करे। इस दौरान उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित : विश्वामित्र

**सिंगरौली।** प्रदेश एवं केंद्र सरकार ने कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया है किसानों को खाद बीज की उपलब्धता, परंपरागत खेती के साथ ही आधुनिक खेती के बारे में तकनीकी जानकारी, मिट्टी परीक्षण सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है जिससे किसानों की आय दुगुनी होने के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने ग्राम पंचायत पोखरा एवं सरौंधा में बीज वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत पोखरा एवं सरौंधा में आदान वितरण कार्यक्रम के तहत खरीफ सीजन की फसलों के बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।



कार्यक्रम में उपस्थित राजभान बैस एसएडीओ ने किसानों को वितरित बीजों के बोने से लेकर पैदावार होने तक के तरीकों सावधानियों, उत्पन्न अन्न के फायदों के बारे में जानकारी दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने अपने उद्बोधन में किसानों के लिए सरकार की योजनाओं आदान योजना, कृषि यंत्र वितरण, किसान सम्मान निधि, मेड बंधान, खेत तालाब आदि योजनाओं के बारे विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रतानुसार लाभ लेकर स्वयं के साथ ही देश के विकास में सहभागी बने। मुख्य अतिथि ने किसानों को मोटे अन्न विशेषकर बड़े पैमाने पर रागी की खेती करने के लिए कहा साथ ही रागी की उपयोगिता तथा फायदों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने सैकड़ों किसानों को रागी, कोदो, उड़द, अरहर, के बीज का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया इस अवसर पर राज नारायण गुप्ता मण्डल अध्यक्ष जियावन, मालिकराम पनिका जनपद सदस्य, जगदीश सिंह सरपंच पोखरा, राजभान बैस एसएडीओ, रवि कुमार प्रजापति, लालजी सिंह पूर्व सरपंच, उपेंद्र नाथ शुक्ला, भगवान दास गुप्ता, संपत सिंह, नंदलाल सिंह, दीपक सिंह, गिरेंद्र द्विवेदी, शोभनाथ पत्रकार, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों की प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने के प्रयास हो : पाठक

## विधायक सीधी ने किया दिव्यांग छात्रों को निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण





**सीधी।** विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम स्थानीय मानस भवन सीधी में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 96 दिव्यांग बच्चों को एलिमको जबलपुर द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा निःशुल्क उपकरण वितरण किया गया। विकासखंड सीधी अंतर्गत दिव्यांगों का चिन्हांकन किया जाकर चार सी पी चेयर, 9 ट्राई साइकिल, 15 व्हीलचेयर, 78 हियरिंग एड, 10 ब्रेल किट, 10 ब्रेल एसिलेट, एक रोलेटर, चार कैलीपर एवं 27 टी एल एम किट वितरित किए गए।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि दिव्यांगता को अभिशाप नहीं मानना चाहिए बल्कि उसे एक अवसर के रूप में देखना चाहिए। दिव्यांगों में भी अद्भुत प्रतिभा छिपी है आवश्यकता उनको उभारने की है। उन्होंने सभी विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारियों को बच्चों के घर-घर जाकर उनकी शैक्षिक गतिविधि देखने एवं प्रतिभा को उभारने में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने दिव्यांगों को प्राप्त हो रही छात्रवृत्ति में वृद्धि करने हेतु शासन स्तर से प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया। दिव्यांग बच्चों को शासन द्वारा मिल रही समस्त सुविधाओं का भरपूर लाभ मिले वह इसके लिए सदैव प्रयासरत रहेगी।

कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक राजेश तिवारी, डी ई ओ प्रतिनिधि श्री रामकृष्ण तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस द्विवेदी, सहायक परियोजना समन्वयक एवं प्रभारी बीआरसी विष्णु पांडे, एपीसी रजनीश श्रीवास्तव, एम आर सी राजेश तिवारी, सी पी सिंह इत्यादि के साथ-साथ जिले के समस्त एम आर सी, जनपद शिक्षा केंद्र सीधी के समस्त बीएससी, सीएसी एवं दिव्यांग बच्चों को लेकर आए आए अभिभावक उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन एपीसी एवं प्रभारी बीआरसी विष्णु पाण्डेय द्वारा किया गया।

## जिले में औसत वर्षा 333.2 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 09 जुलाई को सीधी जिले में 3.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 14.6 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 9.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 333.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 09 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 471.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 169.0, चुरहट में 229.0, गोपद बनास में 281.4, बहरी में 398.3 मझौली में 408.0 मि.मी. और कुसमी में 376.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 142.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 190.4 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

# खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सीधी।** उपसंचालक कृषि संजय श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति में फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 31 जुलाई 2025 तक फसलों का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर अरहर, मक्का एवं धान, तहसील स्तर पर तिल, ज्वार एवं कोदो कुटकी तथा जिला स्तर पर उड़द एवं मूंग फसलों को अधिसूचित किया गया है। किसानों के लिए खरीफ मौसम में प्रीमियम दर अनाज, तिलहन, दलहन सभी फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हो देय होगी। उप संचालक कृषि श्री श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत धान सिंचित फसल की बीमाधन राशि प्रति हेक्टेयर 42 हजार 900 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 858 रुपये है, धान असिंचित फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 32 हजार 400 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 648 रुपये है। अरहर फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 600 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 612 रुपये है, मक्का फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 31 हजार 350 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 627 रूपये है मूंग फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 24 हजार 100 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 482 रूपये हैं उड़द फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 50 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 461 रूपये हैं तिल फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 24 हजार 780 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 495.60 रूपये हैं ज्वार फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 923 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 478.46 रूपये है, कोदो कुटकी फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 15 हजार 803 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 316.06 रूपये है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। अऋणी कृषक (अल्पकालिक फसल ऋण न लेने बाले कृषक) अपनी फसलों का बीमा अपनी नजदीकी बैंक/शाखा जहाँ कृषक का बैक खाता है के माध्यम से नजदीकी सी.एस.सी सेन्टर के द्वारा करा सकते हैं, या फिर क्राप इंश्योरेंस एप को किसान भाई गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वयं भी कर सकते हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# कुसमी में 385 खेत तालाबों में संचय होगा 3 लाख 85 हजार क्यूबिक मीटर वर्षा जल



**सीधी।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कुसमी जनपद पंचायत की 42 पंचायतों में 385 खेत तालाबों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मानसून के प्रारंभ होते ही सभी खेत तालाबों में पानी आ जाने से कृषकों के चेहरे पर मुस्कान की लहर दौड़ गई है। अभियान के क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के निर्देशन में जनपद पंचायत कुसमी के सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा, एपीओ अजय द्विवेदी ,एसडीओ सरिता सिंह ,सेक्टर कुसमी के उपयंत्री अमर सिंह, सेक्टर उमरिया के उपयंत्री प्रदीप द्विवेदी, सेक्टर पोड़ी के उपयंत्री इंद्रलाल सिंह एवं सेक्टर टमसार के उपयंत्री राकेश सिंह के द्वारा अभियान अंतर्गत खेत तालाबों के निर्माण के लिए सार्थक प्रयास कर 30ग30ग1.5 मी के तालाबों का निर्माण कार्य कराया गया, जिससे लगभग 3 लाख 85 हजार क्यूबिक मीटर वर्षा जल संचय होने की संभावना है जिससे ग्राम पंचायत के भूमिगत जल स्तर बढ़ने के साथ-साथ आसपास की जल संरचनाएं, कुएं, नलो आदि के रिचार्ज होने की पूरी संभावना है। संचित वर्षा जल से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि भी सिंचित होने की उम्मीद है। सभी किसानों द्वारा इस योजना को पाकर खुशी व्यक्त की गई है।

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचायें

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीधी।** आकाशीय बिजली यानि वज्रपात से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आम-जन इन निर्देशों को अपनाकर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली या वज्रपात से आउटडोर यथा बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है और यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

जारी निर्देश में कहा गया है कि ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रैक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातु युक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें।

**घर और कार्यस्थल पर सुरक्षात्मक उपाय अपनाये**

बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है।

प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिये गये हैं। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं, ए.एन.एम./सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं।

# वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक तथा श्री मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा दिनांक 08.07.2025 को वन स्टॉप सेंटर सीधी में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा उपस्थित लोगों को नालसा, सालसा एवं राज्य शासन की विधिक सहायता योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत योजना, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी गई। श्री मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा उपस्थित लोगों को पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक, श्री मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, वन स्टॉप सेंटर की अधीक्षक श्रीमती मंजुला टिग्गा, केशवर्कर/काउंसलर सुश्री पुष्पलता शर्मा, अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे। सचिव द्वारा उपस्थित लोगों को समस्या सुनकर समाधान किया गया तथा वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण भी किया गया।

## सड़क दुर्घटना रोकने जिलों में चलेगा जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम

**सीधी।** केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश के 100 ऐसे जिले जहां अधिक संख्या में घातक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, उन्हें ''सेफ लाईफ फाउण्डेशन'' के सर्वे के माध्यम से चिन्हित किया है। देश के चिन्हित इन 100 जिलों में मध्यप्रदेश के 6 जिले चिन्हित किये गये हैं। ये जिले धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर एवं खरगोन हैं। धार जिले में वर्ष 2023 के आकलन अनुसार सबसे अधिक घातक सड़क दुर्घटनाएं हुई है। इन सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा ''जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम'' के तहत सभी जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को चिन्हित करते हुए योजना तैयार की जाये। इसके बाद आवश्यक कार्य किए जाएं जिससे इन सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

आईआईटी मद्रास के ष्मदजमत वि म्ामसससमदबम वित त्वंकॅ मिजलष् द्वारा ऐसी रणनीति पर कार्य किया गया है।

# तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के मध्य कार्य विभाजन आदेश जारी

**सीधी।** अपर कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्य सुविधा के दृष्टि से जिले में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी नायब तहसीलदार, प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के मध्य कार्य विभाजन करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से पदस्थ किया गया है। जारी आदेशानुसार मीनाक्षी जायसवाल प्रभारी तहसीलदार कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी को प्रभारी तहसीलदार नजूल में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार सुषमा देवी रावत प्रभारी तहसीलदार मड़वास को कार्यालय कलेक्टर लोक सेवा/ सी.एम. हेल्पलाइन सीधी में, दिलीप कुमार सिंह नायब तहसीलदार को प्रभारी तहसीलदार मझौली में, राजेश पारस नायब तहसीलदार प्रभारी तहसीलदार कुसमी को प्रभारी तहसीलदार मड़वास में, साक्षी गौतम नायब तहसीलदार प्रभारी तहसीलदार सिहावल को प्रभारी तहसीलदार चुरहट में, नारायण सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार प्रभारी नायब तहसीलदार कुसमी वृत्त पोड़ी को प्रभारी तहसीलदार कुसमी में, जय प्रकाश पाण्डेय सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख प्रभारी नायब तहसीलदार रामपुर नैकिन वृत्त हनुमानगढ़ को प्रभारी तहसीलदार बहरी में, चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख प्रभारी तहसीलदार बहरी को प्रभारी नायब तहसीलदार रामपुर नैकिन वृत्त हनुमानगढ़ में, आशीष कुमार मिश्रा नायब तहसीलदार मझौली वृत्त जोवा को प्रभारी तहसीलदार रामपुर नैकिन में एवं अमित कुमार दुवे नायब तहसीलदार परि. मड़वास को नायब तहसीलदार कुसमी वृत्त पोड़ी में पदस्थ किया गया है।

# जमोड़ी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित



**सीधी**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, श्री कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा आज दिनांक 09.07.2025 को ग्राम जमोड़ी में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री शिवहरे द्वारा उपस्थित लोगों को मौलिक कर्तव्य, मानव अधिकार, मध्यस्थता, नेशनल लोक अदातत, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा, सालसा एवं राज्य शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त शिविर में श्री कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा उपस्थित लोगो को नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, निःशुल्क विधिक सहायता, गरीबी उन्मूलन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन, डॉन- (नशा मुक्त भारत के लिए नशा जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन) योजना 2025, वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवा योजना तथा शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही मध्यस्थता योजना के बारे में विस्तार से बताया। श्री मनीष कौशिक ने उपस्थित लोगों को पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत योजना, बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री कपिल देव काछी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री राजेश प्रताप सिंह एवं आमजन उपस्थित रहे।

# मानस भवन में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित



**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में तृतीय जिला न्यायाधीश श्री रवीन्द्र कुमार शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा आज दिनांक 09.07.2025 को मानस भवन में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्री रवीन्द्र कुमार शर्मा द्वारा उपस्थित लोगो को मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, मानव अधिकार, मध्यस्थता, बाल श्रम पॉक्सो एक्ट एवं अन्य सिविल दाण्डिक विधियों पर जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री शिवहरे द्वारा उपस्थित लोगों को नालसा, सालसा एवं राज्य शासन की विधिक सहायता योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत योजना, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी गई। श्री मनीष कौशिक ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आर्थिक रूप से कमजोर तथा अन्य निर्योग्यता से ग्रसित लोगों को निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवा उपलब्ध कराने हेतु दृढ़ संकल्पित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित डॉन- (नशा मुक्त भारत के लिए नशा जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन) योजना 2025, जाग्रति- (जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल के लिए न्याय जागरूकता) योजना 2025 की जानकारी दी। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश श्री रविन्द्र कुमार शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री राजेश प्रताप सिंह एवं आमजन उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# इंग्लैंड को हराना भारतीय टीम के हौसले की जीत

यह एक ऐसा क्रिकेट मैच था, जिसमें कीर्तिमानों की झड़ी लग गई। विदेशी सरजमीं पर भारतीय टीम की जीत सचमुच ऐतिहासिक है, क्योंकि इससे पहले भारत ने यहां कभी कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। मगर भारत के नए और युवा खिलाड़ियों की टीम की असीम ऊर्जा के आगे इंग्लैंड बुरी तरह लड़खड़ा गया। उत्साह से लबालब खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी कर जिस तरह एक तरह से बर्मिंघम का तिलिस्म तोड़ा है, उसे मेजबान देश हमेशा याद रखेगा।यह कप्तान शुभमन गिल और उनकी टीम के कौशल का ही परिणाम था कि भारत ने इंग्लैंड को 336 रनों से हरा कर एजबेस्टन में जीत का झंडा लहरा दिया। इस दौरान हर भारतीय खिलाड़ी का प्रदर्शन देखने लायक था। शुभमन ने जहां एक पारी में 269 तो दूसरी पारी में 161 रन बनाए। उनका यह प्रदर्शन इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि वे विदेश में छब्बीस वर्ष से भी कम उम्र में टेस्ट मैच जीतने वाली टीम के सबसे युवा भारतीय कप्तान बन गए हैं। इससे पहले सुनील गावस्कर ने सबसे कम उम्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की थी। शुभमन दसवें ऐसे बल्लेबाज भी बन गए हैं, जिन्होंने एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक जड़ा है।एक कीर्तिमान यह भी बना कि एजबेस्टन में भारत की पहली बार जीत हुई। इससे पहले यहां नौ मुकाबलों में उसे आठ में हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा, यहां जीत हासिल करने वाली यह पहली एशियाई टीम भी बन गई है। रनों के मामले में भी विदेशी धरती पर भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते हुए भारत ने 318 रन बना कर जीत को अपने खाते में डाला था।दूसरी ओर गेंदबाज आकाश दीप ने दस विकेट झटक कर भारतीय क्रिकेट की तस्वीर को और भी चमकदार और सुनहरा बना दिया है। दरअसल, बर्मिंघम में शानदार विजय से साबित हो गया कि हमारे पास अब एक समर्थ टीम है। आमतौर पर विदेशी धरती पर पिच की प्रकृति के मुताबिक ही खिलाड़ियों के बल्ले और गेंद का रुख, फिर उसी से जीत-हार की दिशा भी तय होती है। मगर एजबेस्टन में भारतीय टीम ने दिखाया कि दमखम के साथ-साथ पिच से तालमेल बिठा कर कैसे अपने पांव टिकाए जाते हैं और दांव जीता जाता है।

*ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले[ াड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमला भारत की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए।*

# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

**(ललित गर्ग)**

ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है।

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमला भारत की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है।

ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और



भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है।

भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेरिजम्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों, विशेषकर रूस और ब्राज़ील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज़ है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया।

भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत, सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि मानवता, शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, 'बीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।

भारत का मानना था कि समान सोच वाले देशों को साथ लेकर चला जा सकता है। आनेवाले समय में ब्रिक्स दुनिया की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने लगेगा। निश्चित ही ब्रिक्स की ताकत से एक वैश्विक संतुलन स्थापित हो रहा है और अमेरिका एवं पश्चिमी देशों के अहंकार एवं दुनिया पर शासन करने की मंशा पर पानी फिरा है। हमारा भविष्य सितारों पर नहीं, जमीन पर निर्भर है, वह हमारा दिलों में छिपा हुआ है, दूसरे शब्दों में कहें तो हमारा कल्याण अन्तरिक्ष की उड़ानों, युद्ध, आतंक एवं शस्त्रों में नहीं, पृथ्वी पर आपसी सहयोग, शांति, सह-जीवन एवं सद्भावना में निहित है। 'वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र इसलिये सारी दुनिया को भा रहा है। इसलिये बदलती हुई दुनिया में, बदलते हुए राजनैतिक हालात में सारे देश एक साथ जुड़ना चाहते हैं। ब्रिक्स का संगठन ऐसा सपना है जिसे भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी ने भारत के विदेश मन्त्री के तौर पर 2006 में देखा था। प्रणव दा बदलते विश्व शक्ति क्रम में उदीयमान आर्थिक शक्तियों की समुचित व जायज सहभागिता के प्रबल समर्थक थे और पुराने पड़ते राष्ट्रसंघ के आधारभूत ढांचे में रचनात्मक बदलाव भी चाहते थे। इसके साथ ही वह बहुध्रुवीय विश्व के भी जबर्दस्त पक्षधर थे जिससे विश्व का सकल विकास न्यायसंगत एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो सके। अब नरेन्द्र मोदी ने इसमें सराहनीय भूमिका निभाई है। उनके दूरगामी एवं सूझबूझ भरे सुझावों का ब्रिक्स देशों ने लोहा माना है। ब्रिक्स संगठन में भारत का वर्चस्व चीन की तुलना में बढ़ा है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता एवं कूटनीति का परिणाम है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# लिथियम की होड़ में भारत-चीन आमने-सामने, अर्जेंटीना बना रणनीतिक रणभूमि

**(नीरज कुमार दुबे)**

हम आपको बता दें कि चीन अर्जेंटीना का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों देशों ने कृषि, अवसंरचना, ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में कई समझौते किए हैं। चीन अर्जेंटीना से बड़ी मात्रा में सोयाबीन, मांस और कृषि उत्पाद आयात करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना की द्विपक्षीय यात्रा दोनों देशों के आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही साथ ही इस यात्रा का एक और बड़ा रणनीतिक असर होने जा रहा है। हम आपको बता दें कि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में लैटिन अमेरिका और एशिया के देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक रिश्ते गहराते जा रहे हैं। अर्जेंटीना और चीन के संबंध इसी उभरते भू-राजनीतिक समीकरण का हिस्सा हैं। बीते एक दशक में अर्जेंटीना ने चीन के साथ अपने व्यापारिक, निवेश, और कूटनीतिक संबंधों को अत्यंत मजबूत किया है। यह संबंध न केवल क्षेत्रीय रणनीति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भारत के लिए भी कई अवसर और चुनौतियाँ उत्पन्न कर रहे हैं।

हम आपको बता दें कि चीन अर्जेंटीना का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों देशों ने कृषि, अवसंरचना, ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में कई समझौते किए हैं। चीन अर्जेंटीना से बड़ी मात्रा में सोयाबीन, मांस और कृषि उत्पाद आयात करता है। साथ ही चीन ने अर्जेंटीना में जलविद्युत परियोजनाओं और परमाणु संयंत्रों में भारी निवेश किया है। यही नहीं, अर्जेंटीना वर्ष 2022 में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव बीआरआई में शामिल हुआ, जिससे चीन की लैटिन अमेरिका में रणनीतिक उपस्थिति और गहराई। एक खास बात और है कि अर्जेंटीना 'लिथियम ट्रायंगल' का हिस्सा है और चीन ने वहां की कई लिथियम परियोजनाओं में निवेश कर रखा है।

चीन का अर्जेंटीना में गहराता प्रभाव भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से चिंता का विषय है, खासकर जब चीन की नीति ग्लोबल साउथ के देशों में कर्ज और निवेश के माध्यम से प्रभाव बढ़ाने की रही है। यहां यह भी काबिलेगौर है कि भारत इलेक्ट्रिक वाहनों और ऊर्जा भंडारण के लिए लिथियम पर निर्भर है। अर्जेंटीना में चीन की बढ़ती हिस्सेदारी इस महत्वपूर्ण खनिज की वैश्विक आपूर्ति में भारत को पीछे धकेल सकती है। इसलिए भारत अर्जेंटीना के साथ अपने संबंधों को मजबूती देना चाहता है, लेकिन चीन की पहले से मौजूदगी भारत की कूटनीतिक पहुंच को सीमित कर सकती है। लेकिन भारत के 'ग्लोबल साउथ' को जोड़ने की नीति अर्जेंटीना जैसे देशों में स्वीकार्यता पा रही है।



देखा जाये तो भारत और चीन दोनों ही अर्जेंटीना को एक बड़ा कृषि, औद्योगिक और खनिज स्रोत मानते हैं। हालांकि चीन का आक्रामक निवेश मॉडल भारत के लिए प्रतिस्पर्धा को कठिन बना देता है, खासकर तब जब भारत सतर्क और स्थिर निवेश नीति पर चलता है। सवाल उठता है कि भारत की रणनीतिक दिशा क्या होनी चाहिए इसका जवाब यह हो सकता है कि भारत को अर्जेंटीना सहित लैटिन अमेरिका के देशों में उच्च स्तरीय राजनीतिक और व्यापारिक संवाद को और गहरा करना होगा। साथ ही अर्जेंटीना में लिथियम जैसे संसाधनों के लिए भारत को चीन के समानांतर रणनीतिक साझेदारियाँ बनानी होंगी। इसके अलावा, सॉफ्ट पावर के माध्यम से भारत अर्जेंटीना में अपनी पहचान मजबूत कर सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अर्जेंटीना दौरे में देखने को आया कि भारत जिन उद्देश्यों और लक्ष्यों को लेकर चल रहा है उसमें सही रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। वैसे भी हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के द्विपक्षीय संबंध ऐतिहासिक, कूटनीतिक और आर्थिक दृष्टि से लगातार प्रगाढ़ हुए हैं। ये संबंध केवल व्यापार और कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि, खेल और संस्कृति जैसे विविध क्षेत्रों में भी परस्पर सहयोग का आधार बनते जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि भारत और अर्जेंटीना के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध 1949 में स्थापित हुए थे। दोनों देश वैश्विक मंचों पर समान विचार साझा करते हैं। जैसे बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद विरोध और ग्लोबल साउथ की आवाज को सशक्त बनाना। पिछले दो दशकों में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय राजनीतिक यात्राएं, व्यापारिक समझौते और रणनीतिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करें तो आपको बता दें कि दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सहयोग को लेकर सहमति जताई। साथ ही अर्जेंटीना चूंकि लिथियम ट्रेलंग का हिस्सा है और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के लिए लिथियम एक प्रमुख संसाधन है, इसलिए प्रधानमंत्री की यात्रा में लिथियम आपूर्ति के समझौते बेहद अहम रहे। इसके अलावा, अर्जेंटीना कृषि विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी में उन्नत है इसलिए भारत ने कृषि क्षेत्र में सहयोग की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। साथ ही दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ाने पर जोर दिया, विशेषकर आईटी, फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहन देने पर सहमति हुई।

आगे की संभावनाओं पर गौर करें तो कहा जा सकता है कि भारत-अर्जेंटीना संबंध आने वाले वर्षों में और अधिक सुदृढ़ हो सकते हैं, विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर और पवन ऊर्जा में। इसके अलावा, छात्र विनिमय कार्यक्रम और विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी से शिक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग और बढ़ने की संभावना है। साथ ही अर्जेंटीना की फुटबॉल विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भी अपार संभावनाएं हैं।

बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना यात्रा भारत की एसीटी ग्लोबल कूटनीतिक नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। इस यात्रा ने न केवल दोनों देशों के बीच सहयोग के नए द्वार खोले हैं बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को और सुदृढ़ किया है। अर्जेंटीना जैसे लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भारत के संबंधों की सुदृढ़ता न केवल आपसी सहयोग को बढ़ावा देती है, बल्कि वैश्विक संतुलन की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी है।

## वर्ग पहेली 5787

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | | | | ■ | |
| ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | | ■ | 14 | | 15 | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | | ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| ■ | ■ | 22 | ■ | 23 | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 14 अगस्त इस पड़ोसी देश का स्वाधीनता दिवस है (4)
4. उत्तरप्रदेश की लोकसभा की इस सीट से स्मृति ईरानी सांसद है (3)
6. दूल्हा -दुल्हन (4)
7. दस्तावेज लिखित, कमलबंद (3)
8. अगर, जो (2)
10. आपत्ति, आक्रमण (2)
12. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु, अनुमेय (2)
13. अधिकार, स्वामित्व, इख्तियार (2)
14. शान-शौकत (4)
16. मक्खन, माखन (4)
17. मुगलकाल में प्रवेश का प्रधानशासक यह कहलाता था (3)
19. दिनांक, तारीख (2)
21. घोड़े कीपीठ पर रखने की गद्दी (2)
22. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न (1)
23. लहू, रूधिर (2)

**ऊपर से नीचे**
1. कुंती का एकनाम पृथा भी था इनके पुत्र युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन ये तीनों को यह कहा जाता है पर अधिकतर अर्जुन के लिए यह कहा जाता है (2)
2. स्तुति वादक को यह भी कहा जाता है (3)
3. नम्र होने की अवस्था, अनैतिक (3)
4. न्याय के विरुद्ध कार्य, अनैतिक (3)
5. उपयुक्त, युकि संगत, मनोनुकुल (2)
7. तंत्र-मंत्र विधि से बनाय यंत्र (5)
9. मैत्री, दोस्ती, सान्तना, ढाढ़स (5)
10. रहने का तरीका या ढंग, गिरवी रखना (3)
11. समय, बेला (2)
14. फैलाव या तनाव होने की स्थिति यह भी कहलाती है (3)
15. आदत, जड़हन के खेत मे रोपी हुई धान की जूरी, समुद्र में ऊंची उठती लहर (2)
18. निर्मित या रचित होना, अस्तित्व प्रदान होना, काम के योगय होना (3)
20. गतिहीन, स्थितर, अचल, न डिगने वाला (2)

### वर्ग पहेली 5786 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | ली | मा | न | स | री | न |
| ब | न | ना | ■ | ज | ल | ज | ■ |
| ला | म | ■ | सा | फ | ■ | न | न |
| ■ | क | बी | र | ■ | मा | ल | वा |
| उ | दा | र | ■ | आ | शा | ■ | ब |
| मा | ■ | ब | द | न | ■ | रौ | जा |
| प | ह | ल | ■ | बा | ग | ■ | दा |
| ति | ल | ■ | जी | न | त | ■ | ■ |

# 2020 के बाद पहली बार भारत में घट गई बिजली की खपत

**(अंजन कुमार)**

भारत में बिजली की खपत में 2020 के बाद पहली बार गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण इस साल गर्मी कम पड़ना है।

भारत में बिजली की खपत में गिरावट आई है। यह गिरावट 2020 के बाद पहली बार हुई है। 2020 में कोरोना महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियां रुक गई थीं। उस समय बिजली की खपत कम हो गई थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से जून के महीने में बिजली की मांग में लगभग 1.5त्न की कमी आई है। सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के डेटा से यह जानकारी मिली है। इस गिरावट का कारण इस साल गर्मी कम पड़ना है। गर्मी कम होने से लोगों ने एयर कंडीशनर और अन्य बिजली से चलने वाले उपकरणों का कम इस्तेमाल किया।

**मौसम ठंडा रहने की वजह से बिजली की खपत कम हो गई** – ब्लूमबर्ग न्यूज के अनुसार, यह चार सालों में पहली बार है जब बिजली की मांग में इतनी गिरावट आई है। भारत में गर्मी के मौसम में बिजली की मांग सबसे ज्यादा होती है। तापमान बढ़ने से लोग ज्यादा बिजली इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस साल मौसम ठंडा रहने से बिजली की मांग में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई। अगर बिजली की अधिकतम मांग पिछले साल के 250 गीगावाट से कम रहती है, तो यह 20 सालों में पहली बार होगा जब बिजली की मांग में कमी आएगी। बिजली की मांग में कमी आने से सरकार और बिजली कंपनियों दोनों को चिंता हो रही है। मौसम में बदलाव का असर बिजली के इस्तेमाल पर पड़ रहा है। इससे भविष्य में बिजली की मांग का अनुमान लगाना मुश्किल हो रहा है। साथ ही, बिजली उत्पादन और क्षमता बढ़ाने की योजना बनाने में भी दिक्कत आ रही है।

**अक्षय ऊर्जा से बिजली उत्पादन लगभग 23 प्रतिशत बढ़ गया है** – भारत में कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों से लगभग 75 प्रतिशत बिजली पैदा होती है। बिजली की मांग कम होने से कोयले से बिजली उत्पादन पर असर पड़ा है। कोयले से बिजली का उत्पादन 7 तक गिर गया है। प्लांट लोड फैक्टर भी कम हो गया है। प्लांट लोड फैक्टर का मतलब है कि बिजली संयंत्र कितनी क्षमता से काम कर रहे हैं। यह पिछले साल 76.6प्रतिशत था, जो इस साल घटकर 69.6प्रतिशत हो गया है। कोयले से बिजली उत्पादन कम हुआ है, लेकिन दूसरे स्रोतों से बिजली उत्पादन बढ़ा है। परमाणु ऊर्जा और जलविद्युत उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। अक्षय ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन में भी काफी वृद्धि हुई है। अप्रैल और मई में अक्षय ऊर्जा से बिजली उत्पादन लगभग 23प्रतिशत बढ़ा है।

**बिजली योजनाकार बदलते पैटर्न को समझने की कोशिश में** – बिजली की मांग में कमी आने से बिजली बाजार पर भी असर पड़ा है। स्पॉट पावर की कीमतें गिरकर महामारी के समय के स्तर पर आ गई हैं। इससे पता चलता है कि मौसम में बदलाव का बिजली बाजार पर कितना असर पड़ रहा है। भारत के बिजली योजनाकार अब मौसम के बदलते पैटर्न और बिजली के इस्तेमाल के बीच के संबंध को समझने की कोशिश कर रहे हैं। बिजली की खपत में बदलाव और मौसम में होने वाले बदलावों से देश के ऊर्जा तंत्र पर दबाव बढ़ रहा है।

# आज का राशिफल

### मेष
आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो आगे चलकर प्रमोशन या सम्मान का आधार बनेंगी। आपकी मेहनत को सराहना मिलेगी और वरिष्ठों से प्रोत्साहन मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को पुराने ग्राहकों से दोबारा संपर्क करना लाभदायक रहेगा। अगर आप कोई नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं ।

### वृष
आज दिन मेहनत और धैर्य की परीक्षा जैसा रहेगा। नौकरीपेशा लोग किसी विशेष मीटिंग या प्रेजेंटेशन में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं जिससे उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार में लाभ के योग बन रहे हैं, खासकर अगर आप सरकारी कॉन्ट्रैक्ट, निर्माण कार्य या लोहा, कपड़ा आदि के व्यवसाय में हैं।

### मिथुन
आज दिन तरक्की से भरा होगा। दिन विशेष उपलब्धियों वाला हो सकता है। करियर में उन्नति के अच्छे योग बन रहे हैं, खासकर वे लोग जो लेखन, मार्केटिंग, शिक्षा या मीडिया से जुड़े हैं। ऑफिस में आपके विचारों को महत्व मिलेगा और किसी वरिष्ठ अधिकारी से सहयोग प्राप्त हो सकता है।

### कर्क
आज किस्मत साथ दे रही है। आप अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगे और अपनी निर्णय क्षमता के दम पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं जो उनके अनुभव में वृद्धि करेंगी।

### सिंह
आज दिन तरक्की और सफलता से भरा होगा। धन के मामले में भाग्य साथ दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापारियों के लिए साझेदारी में किया गया कार्य लाभ देगा।

### कन्या
आज भाग्य साथ दे रहा है। आप अपनी सूझबूझ और अनुशासन के दम पर अपने करियर में अच्छा प्रभाव छोड़ेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम की तारीफ मिलेगी। व्यवसाय में रुके हुए मामलों में गति आ सकती है और कोई पुराना कस्टमर लौट सकता है।

### तुला
आज दिन थोड़ा संघर्षपूर्ण हो सकता है। करियर में कुछ अवरोध आ सकते हैं और सहयोगियों के साथ तालमेल बनाना थोड़ा कठिन होगा। आज अगर आप व्यवसाय कर रहे हैं तो किसी साझेदार से मतभेद की स्थिति बन सकती है। पैसों की स्थिति थोड़ी कमजोर हो सकती है, खर्च बढ़ेंगे और आमदनी स्थिर रह सकती है।

### वृश्चिक
आज दिन तरक्की से भरा होगा। दिन कारोबार और कामकाज के लिए बेहद सकारात्मक रह सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी और किसी बड़े अधिकारी से तारीफ मिल सकती है। व्यवसाय में कोई बड़ा सौदा पूरा हो सकता है जिससे लंबी अवधि का फायदा मिलेगा।

### धनु
आज किस्मत साथ दे रही है। धनु राशि वालों के लिए करियर में उन्नति और आर्थिक वृद्धि के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। जो लोग व्यापार करते हैं उन्हें कोई बड़ा ऑर्डर या सरकारी काम मिल सकता है। ससुराल पक्ष से आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं।

### मकर
आज दिन सफलता और तरक्की से भरा होने के योग हैं। मकर राशि वालों को काम के सिलसिले में अच्छी खबर मिल सकती है। ऑफिस में आपके कार्यों की सराहना होगी और प्रमोशन की संभावना भी बन सकती है। व्यापारियों को कोई पुराना ग्राहक फिर से संपर्क कर सकता है जिससे लाभ होगा।

### कुंभ
आज दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला हो सकता है। करियर में मेहनत ज्यादा और परिणाम थोड़े कम हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है। कहीं से रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है लेकिन खर्च भी अचानक बढ़ सकते हैं। आज किसी से उधार न लें और न ही किसी को दें।

### मीन
आज दिन नए अवसरों से भरा होगा। मीन राशि वालों के लिए नौकरी और व्यवसाय में नए अवसर मिल सकते हैं। पदोन्नति या नई भूमिका मिलने की संभावना है। व्यवसाय में पूंजी लगाना लाभदायक रहेगा। आज आप कोई नई आर्थिक योजना शुरू कर सकते हैं जो भविष्य में अच्छा लाभ देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मैं दिल्ली में बस 2-3 दिन ही रुकता हूं: केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली के प्रदूषण पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वह दिल्ली आने से पहले ही वापसी की टिकट बुक करा लेते हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि प्रदूषण को खत्म करने की जिम्मेदारी सभी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गडकरी ने कहा, मैं दिल्ली में सिर्फ दो या तीन दिन ही रहता हूं और जब भी आता हूं, तो यह सोचने लगता हूं कि वापस कब लौटकर जाऊंगा। मैं अपनी वापसी की टिकट पहले बुक कराता हूं। आपको इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। दिल्ली में प्रदूषण ने लोगों की जीवन प्रत्याशा कम कर दी है। वह गौतम बुद्ध नगर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल हुए थे। उन्होंने यहां एनएचएआई यानी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक कार्यक्रम में कहा कि एथनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देकर और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान से प्रदूषण को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार दोनों पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि सरकार सड़क बनाने में कचरे का भी इस्तेमाल कर रही है और इस काम में लगभग 80 लाख टन कचरे का इस्तेमाल किया गया है। गडकरी ने कहा, हम अपने राजमार्गों पर बारिश का पानी जमा करने जैसे उपायों को अपनाकर जल संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि एनएचएआई बांस के बागान, घने वृक्षारोपण और हरित गलियारे बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसमें आगे कहा गया कि एनएचएआई ने 2024-25 के दौरान 60 लाख वृक्षारोपण के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 67 लाख पेड़ लगाए।

### एशिया की सबसे बूढी हथिनी वत्सला की मौत, कितनी थी उम्र, क्या थी मौत की वजह?

**भोपाल, एजेंसी।** एशिया की सबसे बुजुर्ग हथिनी मानी जाने वाली वत्सला की मंगलवार को मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में मौत हो गई। वत्सला की उम्र 100 साल से अधिक बताई जाती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हथिनी को केरल से नर्मदापुरम लाया गया था और बाद में पन्ना टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित कर दिया गया था। एक बयान में कहा गया, वत्सला को एशिया की सबसे बुजुर्ग हथिनी माना जाता था। पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उसका अंतिम संस्कार किया। सालों से वत्सला पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र थी और सबसे बुजुर्ग होने के कारण वह रिजर्व में हाथियों के पूरे समूह का नेतृत्व करती थी। जब अन्य हथिनी बच्चों को जन्म देती थीं, तो वह दादी की भूमिका निभाती थी। वत्सला अपने अगले पैरों के नाखूनों में चोट लगने के कारण रिजर्व के हिनौता क्षेत्र में खैरैयां नाले के पास बैठ गई थी। वन विभाग के कर्मियों ने उसे उठाने का काफी प्रयास किया, लेकिन दोपहर में हथिनी की मौत हो गई। वृद्धावस्था के कारण वत्सला की आंखों की रोशनी चली गई थी और वह लंबी दूरी तक चलने में असमर्थ थी। बयान में कहा गया है कि उसे हिनौता हाथी शिविर में रखा गया था और प्रतिदिन खैरइयां नाले में नहलाने के लिए ले जाया जाता था और खाने के लिए दलिया दिया जाता था। पन्ना जिले के बाघ अभयारण्य में पशु चिकित्सकों और वन्यजीव विशेषज्ञों द्वारा वत्सला के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जा रही थी। उचित देखभाल के कारण वत्सला ने अभयारण्य के विरल और शुष्क वन क्षेत्र में लंबा जीवन जिया।

# कांग्रेस के बोझ से नहीं दबना चाहता महागठबंधन आरजेडी की डिमांड- 25 सीटों का त्याग करिए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव में बमुश्किल 4 महीने का वक्त बचा है और उससे पहले दोनों गठबंधन सीट शेयरिंग फाइनल कर लेना चाहते हैं। सत्ताधारी भाजपा-जेडीयू गठबंधन में इसे लेकर चर्चाएं शुरू हैं तो वहीं आरजेडी और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया में सीट बंटवारे को लेकर तेजी दिख रही है। अलायंस पार्टनर चाहते हैं कि समय रहते सीटें फाइनल कर ली जाएं ताकि प्रचार में तेजी रहे और संबंधित दलों के नेता अपनी दावेदारी भी मजबूत कर सकें। हालांकि महागठबंधन में कांग्रेस को त्याग के लिए राजी करने की कोशिश है, जो थोड़ा मुश्किल होगा। इसकी वजह यह है कि आरजेडी और महागठबंधन के अन्य दल चाहते हैं कि यादव और मुस्लिम से आगे भी एक मजबूत सामाजिक समीकरण बन जाए।

इसके लिए यह जरूरी है कि कुछ नए साथियों को भी गठबंधन में मौका मिले। आरजेडी की चिंता यह है कि उसका वोटबैंक पूरी तरह यादव-मुस्लिम गठजोड़ पर टिक गया है। ऐसे में इस बार कोशिश है कि मुकेश सहनी का पार्टी वीआईपी को मौका दिया जाए और झारखंड में सरकार चला रही झामुमो को भी कुछ सीटें दी जाएं। इसके अलावा वामपंथी दल सीपीआई-एमएल भी गठबंधन में रहेगी, जिसका कई दलों में प्रभाव है। हालांकि इस कोशिश को सफल बनाने के लिए कांग्रेस को त्याग के लिए कहा जा सकता है। इसका कारण भी है क्योंकि 2020 के चुनाव में कांग्रेस ने 70 सीटों पर कैंडिडेट उतारे थे, लेकिन महज 17 पर जीत हासिल की थी।

**क्या कांग्रेस के बोझ से दबा महागठबंधन, 2020 के नतीजों से उठा था सवाल :** चुनाव विश्लेषकों का कहना था कि कांग्रेस के बोझ से गठबंधन दब गया और उसे नुकसान हुआ है। इस बार चर्चा है कि कांग्रेस को 45 से 50 सीटों पर ही राजी करने की कोशिश होगी। आरजेडी से जुड़े एक सूत्र ने कहा, इंडिया ब्लॉक के साथी दलों ने एक-दूसरे को अपनी इच्छा जाहिर कर दी है।

हमारी कोशिश है कि अलग-अलग सामाजिक वर्गों को साथ लिया जाए। दरअसल कांग्रेस को लेकर चिंता यह है कि अब अपर कास्ट उसके साथ पहले की तरह नहीं है, जबकि जिस ओबीसी, ईबीसी और अल्पसंख्यक को वह साथ लाने के लिए आक्रामक है, उसकी राजनीति तो आरजेडी ही कर रही है। ऐसे में कांग्रेस से फायदा मिलने को लेकर चिंता है कि उससे कितनी बढ़त मिलेगी।

**कांग्रेस के हिस्से की सीटें इन दलों को देने की है तैयारी :** यही कारण है कि कांग्रेस की जगह झामुमो, सीपीआई-एल और वीआईपी को कुछ सीटें दी जा सकती हैं। ये सीटें कांग्रेस कोटे की ही होंगी और कैसे इसके लिए उसे राजी किया जाए, यही आरजेडी की चिंता है। मुकेश सहनी की 10 सीटों की डिमांड है, जिन्होंने पिछली बार 4 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके अलावा पशुपति पारस को भी साथ लाने की कोशिश है ताकि कुछ दलित वोट हासिल हो जाए। हालांकि एनडीए के पास इस वोटबैंक के मामले में बढ़त दिख रही है। उसके साथ चिराग पासवान और जीतनराम मांझी जैसे नेता हैं।

### सीपीआई-एमएल की डिमांड- हमें ज्यादा सीटें दें, स्ट्राइक रेट बेहतर है

सीपीआई-एमएल ने पिछली बार 19 सीटें लड़ी थीं और 12 पर जीत हासिल की थी। इस बार उसकी डिमांड 30 सीटों की है। उसका कहना है कि हमारी वोट ट्रांसफर की क्षमता अधिक है। बता दें कि आरजेडी बीते दो चुनावों से 75 से 80 के आंकड़े के बीच ठहर जाती है। इस बार वह चाहती है कि कुछ अधिक सीटें हासिल हो जाएं ताकि वह सरकार बनाने के करीब रहे। पिछली बार वह खुद सबसे बड़ा दल थी, लेकिन उसका गठबंधन पीछे रह गया था।

## पाकिस्तान और चीन का मिलना भारत के लिए खतरनाक: सीडीएस अनिल चौहान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के अपने-अपने हितों को लेकर एक-दूसरे के प्रति झुकाव का भारत की स्थिरता और सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक थिंक टैंक में अपने संबोधन में जनरल चौहान ने भारत पाकिस्तान के बीच 7-10 मई के सैन्य संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि शायद यह पहली बार हुआ जब दो परमाणु हथियार संपन्न देश सीधे तौर पर संघर्ष में शामिल हुए। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने चीन और पाकिस्तान के भारत के प्रति समान हित का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने पिछले पांच वर्षों में अपने लगभग 70 से 80 प्रतिशत हथियार और उपकरण चीन से हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि चीनी सैन्य कम्पनियों की पाकिस्तान में वाणिज्यिक देनदारियां हैं। शीर्ष सैन्य अधिकारी ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के देशों में आर्थिक संकट ने बाहरी शक्तियों को अपना प्रभाव बढ़ाने का मौका दे दिया है, जिससे भारत के लिए कमजोरियां पैदा हो सकती हैं। 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनरल चौहान ने कहा, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच हितों में संभावित समानता है और इसका भारत की स्थिरता एवं



सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है।

### चीन की भूमिका पर क्या बोले

इस दौरान सीडीएस से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन की भूमिका पर भी सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा, वहां कितना समर्थन (चीन ने पाकिस्तान को दिया) यह पता लगाना बहुत मुश्किल है...। इस संघर्ष के दौरान उत्तरी सीमाओं पर कोई भी असमान्य गतिविधि नहीं हुई, जो अलग है। इससे पहले संघर्ष के समय सीमाओं पर परेशानियां शुरू हो जाती हैं।

### सेना के उप प्रमुख भी कर चुके हैं दूसरे देशों का जिक्र

उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने शुक्रवार को कहा था कि पाकिस्तान जहां सिर्फ सामने नजर आ रहा था, वहीं चीन पर्दे के पीछे से अपने सदाबहार मित्र को हरसंभव सहायता दे रहा था, और तुर्किये भी इस्लामाबाद को सैन्य साजोसामान की आपूर्ति करके प्रमुख भूमिका निभा रहा था। उन्होंने कहा कि सात से 10 मई के बीच हुए संघर्ष के दौरान भारत वास्तव में कम से कम तीन शत्रुओं से निपट रहा था। उन्होंने कहा, भारत के खिलाफ पाकिस्तान केवल सामने नजर आ रहा था, जबकि दुश्मन को असली समर्थन चीन से मिल रहा था। हमें इसमें कोई हैरानी नहीं हुई, क्योंकि अगर आप पिछले पांच वर्षों के आंकड़े देखें, तो पता चलता है कि पाकिस्तान को मिलने वाले सैन्य उपकरणों में से 81 प्रतिशत चीन से आ रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा, वह (चीन) उत्तरी सीमा पर खुद सीधे टकराव में पड़ने के बजाय भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पड़ोसी देश (पाकिस्तान) का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करता है।

## आलिया भट्ट की एक्स-पीए वेदिका प्रकाश शेट्टी गिरफ्तार, एक्ट्रेस के खाते में लाखों की धांधली का आरोप

**मुंबई, एजेंसी।** आलिया भट्ट की पर्सनल असिस्टेंट रहीं वेदिका प्रकाश शेट्टी को मुंबई की जुहू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वेदिका पर भट्ट प्रोडक्शन्स और आलिया भट्ट के खाते से लाखों की हेरा फेरी करने का आरोप है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है और इस मामले में अभी तक आलिया भट्ट या उनकी टीम की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। आलिया का प्रोडक्शन हाउस इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड साल 2021 में आलिया भट्ट ने लॉन्च किया था। इसका मुख्य फोकस खुशमिजाज फिल्में प्रोड्यूस करना था जिनकी कहानियां ऑरिजनल और लंबे वक्त तक लोगों को पसंद आने वाली हों।

**एक्ट्रेस के खातों में 76 लाख की हेरा-फेरी :** वेदिका प्रकाश शेट्टी पर 2023 से 2025 के बीच प्रोडक्शन हाउस और आलिया भट्ट के खाते में 76 लाख रुपये की हेरा-फेरी करने का आरोप है। आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने पैसों की हेरा-फेरी के मामले में इसी साल फरवरी में शिकायत दर्ज करवाई थी। तब एफआईआर दर्ज करके मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई थी। न्यूज18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने वेदिका को बेंगुलुरू में ट्रैक किया और वहीं से उनकी गिरफ्तारी हुई। अब पुलिस वेदिका के बैंक खाते और



फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन्स खंगाल रही है ताकि मामले की तह तक पहुंचा जा सके।

**आलिया भट्ट के प्रोडक्शन की पहली फिल्म:** वेदिका दो साल तक आलिया के साथ काम करती रही थीं। हल्की फुल्की कहानियों पर फिल्में बनाने के लिए फॉर्म किए गइ इस प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म डार्लिंग्स थी, जिसे जनता ने खूब प्यार दिया। आलिया भट्ट ने इस फिल्म को शाहरुख खान के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया था। फिल्म में आलिया भट्ट के अलावा विजय वर्मा और शेफाली शाह अहम किरदार निभाती नजर आई थीं। घर-घर की कहानी को एक अलग ही ट्विस्ट देती इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था।

**वर्क फ्रंट पर क्या कर रही हैं आलिया भट्ट? :** वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट अभी स्पाय यूनिवर्स मूवी अल्फा की शूटिंग में बिजी हैं।

## प्रार्थना के लिए चर्च जाते थे मंदिर बोर्ड के अधिकारी, पता चलते ही टीटीडी ने किया सस्पेंड

**तिरुमाला, एजेंसी।** टीटीडी यानी तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने अपने एक पदाधिकारी को निलंबित कर दिया है। पदाधिकारी के कथित तौर पर प्रार्थना के लिए चर्च जाने पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही आरोप लगाए जा रहे हैं कि वह ईसाई धर्म के प्रचार में लगे हुए थे। इससे पहले भी टीटीडी करीब 18 कर्मचारियों पर ऐसे ही कारणों के चलते निलंबन की कार्रवाई कर चुका है। टीटीडी ने असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ए राजाशेखर बाबू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। आरोप लगाए गए हैं कि वह तिरुपति जिले में अपने गृहनगर में प्रार्थना के लिए हर रविवार चर्च जाते हैं। साथ ही आरोप लगाए गए हैं कि बाबू ईसाई धर्म के प्रचार में शामिल रहे हैं, जो हिंदू ट्रस्ट में शामिल कर्मचारियों के लिए बनी आचार संहिता का उल्लंघन है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टीटीडी ने



बयान जारी किया, टीटीडी को यह पता चला है कि श्री राजशेखर बाबू तिरुपति जिले में अपने गृहनगर पुट्टूर में हर रविवार को स्थानीय चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। टीटीडी का कहना है कि ऐसा काम मानदंडों का साफतौर पर उल्लंघन है, क्योंकि वह आचार संहिता का पालन करने में असफल रहे। टीटीडी के विजिलेंस डिपार्टमेंट की तरफ से रिपोर्ट और अन्य सबूत पेश किए जाने के बाद राजशेखर बाबू के खिलाफ कार्रवाई की गई है। खबरें हैं कि चर्च जाते और प्रार्थना में शामिल होते हुए उनका एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

## कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की प्रक्रिया तेज, संसद में प्रस्ताव लाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत को उनके पद से हटाने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही संसद में प्रस्ताव पेश कर सकती है। यह फैसला आगामी मॉनसून सत्र में लिया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दलों के कई सांसदों ने सरकार को प्रस्ताव लाने में समर्थन देने का संकेत दिया है। ऐसे में यह संभावना बन रही है कि प्रस्ताव को आवश्यक बहुमत मिल सकता है। आपको बता दें कि दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास से कई बोरियों में जले हुए नोट बरामद हुए थे। भारत के संविधान के अनुच्छेद 124(4) के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के किसी भी न्यायाधीश को केवल दुर्व्यवहार या अक्षमता के आधार पर ही हटाया जा



सकता है। इसके लिए संसद के दोनों सदनों में प्रस्ताव को पास कराना अनिवार्य है। इसके लिए लोकसभा में कम से कम 100 सांसदों का समर्थन जरूरी है। वहीं राज्यसभा में कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी है। दोनों सदनों में कुल सदस्य की संख्या की तुलना में दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित होना आवश्यक है।

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ कार्रवाई का आधार

सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही इस मामले को लेकर इन-हाउस जांच समिति बनाई थी जिसमें पंजाब-हरियाणा और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के साथ कर्नाटक हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ जज शामिल थे। समिति ने 50 से अधिक गवाहों के बयान दर्ज किए और जांच पूरी होने के बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को हटाने की सिफारिश भेजी। अब सरकार उसी रिपोर्ट को आधार बनाकर संसद में प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है।

### क्या है अगली प्रक्रिया?

1. प्रस्ताव संसद में पेश किया जाएगा।
2. लोकसभा अध्यक्ष या राज्यसभा के सभापति प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं।
3. इसके बाद, जजेस इंक्वायरी एक्ट, 1968 के तहत संसद एक तीन-सदस्यीय जांच समिति गठित करेगी।
4. समिति की रिपोर्ट के आधार पर दोनों सदनों में मतदान होगा।

### पहले भी हटाए जा चुके हैं जज

जस्टिस वी. रामास्वामी को 1991 में उनके पद से हटाया गया था।

जस्टिस सौमित्र सेन के खिलाफ 2011 में राज्यसभा में प्रस्ताव पारित कि गया, लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

जस्टिस पीडी दिनाकरण ने 2011 में ही अपने खिलाफ प्रस्ताव पेश किए जाने से पहले इस्तीफा दे दिया था।

जस्टिस जेबी परडीवाला के खिलाफ 2015 में कार्रवाई शुरू की गई थी। अब सरकार को यह फैसला करना है कि यह प्रस्ताव लोकसभा में लाएगी या राज्यसभा में। दोनों सदनों में राजनीतिक समर्थन की स्थिति अलग-अलग है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा नेतृत्व विपक्षी दलों से लगातार बातचीत कर रहा है।

# निमिषा प्रिया को बचाने की कोशिश में जुटा भारत

### 16 जुलाई को होनी है फांसी, ब्लड मनी से बनेगी बात?





**नईदिल्ली/ सना, एजेंसी।** भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया की फांसी को टालने के लिए भारत सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। निमिषा को यमन में वहां के नागरिक की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई है। अधिकारियों के मुताबिक, उनकी फांसी 16 जुलाई को निर्धारित की गई है और इसको टालने के लिए कूटनीतिक और मानवीय स्तर पर प्रयास जारी हैं। निमिषा प्रिया को जुलाई 2017 में अपने बिजनेस पार्टनर तलाल अब्दो मेहदी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और 2020 में यमनी अदालत ने उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। नवंबर 2023 में यमन की सुप्रीम ज्यूडिशियल कार्उसिल ने उनकी अपील खारिज कर दी थी। वे फिलहाल सना की एक जेल में बंद हैं, जो हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है।

**पूरे मामले पर भारत सरकार की नजर :** भारत सरकार के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, जब से उन्हें मौत की सजा सुनाई गई है, हम इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। यमनी अधिकारियों और उनके परिवार से लगातार संपर्क में हैं और हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। हम फांसी को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। निमिषा प्रिया केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोड की रहने वाली हैं। मामले की जटिलता इस कारण और बढ़ गई है क्योंकि भारत की हूती विद्रोहियों से कोई आधिकारिक बातचीत की व्यवस्था नहीं है। निमिषा की मां प्रेमकुमारी पिछले साल यमन गई थीं ताकि मृतक के परिजनों से बातचीत कर समझौता किया जा सके। इस प्रयास में यमन में बसे कुछ अनिवासी भारतीय उनकी मदद कर रहे हैं। सरकार ने संसद में पहले भी बताया था कि वह निमिषा के परिवार को हरसंभव सहायता दे रही है।

**ब्लड मनी देकर बचाने की कोशिश :** निमिषा की जान बचाने की उम्मीद अब यमनी कानून के तहत दियात या ब्लड मनी पर टिकी है, जिसमें पीड़ित के परिवार को मुआवजा देकर सजा माफ कराई जा सकती है। सामाजिक कार्यकर्ता सैमुअल जेरोम बास्करन निमिषा की मां प्रेमा कुमारी के पावर ऑफ अटॉर्नी धारक हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को 10 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 8.5 करोड़ रुपये) की पेशकश की गई है, लेकिन परिवार ने अभी तक इस प्रस्ताव का जवाब नहीं दिया। जेरोम ने कहा, मैं बुधवार को यमन पहुंच रहा हूं ताकि तलाल के परिवार के साथ बातचीत फिर से शुरू की जा सके।

**क्या है पूरा मामला? :** निमिषा प्रिया 2008 में अपने माता-पिता की आर्थिक मदद के लिए यमन गई थीं। उन्होंने सना में कई अस्पतालों में नर्स के रूप में काम किया और 2015 में तलाल अब्दो मेहदी के साथ मिलकर एक क्लिनिक खोला, क्योंकि यमनी कानून के तहत विदेशी नागरिकों को स्थानीय भागीदार के बिना व्यवसाय शुरू करने की अनुमति नहीं है। निमिषा के परिवार का दावा है कि तलाल ने उनके साथ धोखाधड़ी की, उनकी आय का हिस्सा नहीं दिया, और उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया। निमिषा ने तलाल को बेहोश करने के लिए उसे सेडेटिव इंजेक्शन दिया ताकि अपना पासपोर्ट वापस ले सकें, लेकिन ओवरडोज के कारण तलाल की मौत हो गई। इसके बाद निमिषा और उनकी एक यमनी सहकर्मी हनन ने तलाल के शव को टुकड़ों में काटकर एक पानी की टंकी में फेंक दिया।

**परिवार और समर्थकों की कोशिशें :** निमिषा की मां प्रेम कुमारी पिछले साल से यमन में हैं और अपनी बेटी की रिहाई के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय से यमन की यात्रा की विशेष अनुमति ली थी। सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन कार्उसिल ने भी ब्लड मनी के लिए धन जुटाने की कोशिश की, जिसमें जून 2024 तक 40,000 अमेरिकी डॉलर इकट्ठा किए गए। हालांकि, भारतीय दूतावास द्वारा नियुक्त वकील अब्दुल्ला अमीर ने 40,000 डॉलर की अतिरिक्त फीस मांगी, जिसके कारण बातचीत में देरी हुई।

**पैसों पर पैसे मांगता रहा वकील :** नीमिशा के लिए न्याय की मांग करने वाले राजनेताओं, व्यापारियों, कार्यकर्ताओं और प्रवासियों के फोरम का हिस्सा रहे वकील सुभाष चंद्रन ने बताया कि कोच्चि में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करने वाली प्रिया की मां ने केस लड़ने के लिए अपना घर बेच दिया।

## कांवड़ यात्रा: 10 जुलाई की रात 12 बजे से यूपी के इन हाईवे पर नहीं दौड़ेंगे भारी वाहन




**बागपत, एजेंसी।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। जिसके अनुसार जनपद में दूसरे राज्य व पड़ोसी जनपदों से आने वाले भारी और कमर्शियल वाहन 10 जुलाई की रात 12 बजे से 24 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे। 15 जुलाई की रात 12 बजे से हल्के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया जाएगा। दिल्ली-सहानपुर हाईवे पर ककड़ीपुर से डूंडाहेड़ा चेक पोस्ट तक 51 कट बंद किए जाएंगे। ककड़ीपुर, निवाड़ा, भद्दल, डूंडाहेड़ा, बालैनी हिंडन आदि चौकियों पर बैरियर लगाकर वाहनों की रोका जाएगा।

टीआई सतेंद्र सिंह ने बताया कि 23 जुलाई को मुख्य पर्व शिवरात्रि को मंदिर परिसर में कांवड़ियों को संख्या बढ़ने के दृष्टिगत आवश्यकता पड़ने पर बुद्धसैनी, नवादा, बालैनी मार्ग को कंटेंजेंसी मार्ग रूट के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मागों का प्रयोग करें। यातायात पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9012668666 है। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा की ओर जाने वाला यातायात निधर्धारित अवधि में शामली से करनाल, पानीपत, सोनीपत एनएच-1 होते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचेगा। इसी तरह दिल्ली, गाजियाबाद, बुलंदशहर व नोएडा से बागपत की और आने वाला यातायात मवीकलां ईपीई कट से जनपद में आगमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर सोनीपत, पानीपत, करनाल होते हुए अपने गंतव्य पर भेजा जाएगा।

## वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ढेरों शतक लगाएंगे, युवराज सिंह ने खुलकर शुभमन गिल की तारीफ की



**लंदन, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन के बाद टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की सराहना की।गिल ने चौथे नंबर पर आसानी से जगह बना ली है, जो बल्लेबाजी क्रम में एक महत्वपूर्ण स्थान है और जिस पर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ी रह चुके हैं। गिल इस श्रृंखला में रन बनाने के मामले में शीर्ष पर हैं। उन्होंने दो टेस्ट मैचों की चार पारियों में 146.25 की औसत और 73 से अधिक के आक्रामक स्ट्राइक रेट से 585 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर तीन शतक और एजबेस्टन में 387 गेंदों पर 269 रन रहा। टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान गिल के प्रदर्शन पर युवराज ने कहा, शुभमन गिल ने कमाल की कप्तानी की और बेहतरीन बल्लेबाजी की। मुझे उन पर बहुत गर्व है और मुझे यकीन है कि उनके पिता को भी उन पर गर्व होगा... मैं बहुत प्रभावित हूं... मुझे उम्मीद है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ढेरों शतक लगाएंगे। कप्तान शुभमन गिल के ऐतिहासिक बल्ले और तेज गेंदबाज आकाश दीप के 10 विकेटों ने टीम इंडिया के व्यापक प्रयास को उजागर किया और बर्मिंघम में भारत ने जीत का सिलसिला तोड़ते हुए रविवार को दूसरे टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड को 336 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। साथ ही शुभमन के नाम अब सात हार और एक ड्रॉ के बाद एजबेस्टन स्टेडियम में उनके नाम आखिरकार एक जीत दर्ज हो गई है।

## आईपीएल में इस्तेमाल किए गए फिल साल्ट के बल्ले को मंजूरी मिली, गेज टेस्ट में हो गया था फेल




**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित पिछले दो वर्षों से जिस बल्ले का उपयोग कर रहे थे उसे शुरू में मैदान पर गेज परीक्षण में गलत पाया गया था, लेकिन बाद में आगे की जांच के बाद इसे मंजूरी दे दी गई। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में लंकाशर की तरफ से खेलने वाले 28 वर्षीय साल्ट ने इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल 2025 में उन्होंने 13 मैचों में 403 रन बनाए थे, जो विराट कोहली (15 मैचों में 657) के बाद उनकी टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन थे। लंकाशर क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि नॉर्थेंट्स स्टीलबैक्स के खिलाफ शुक्रवार को हुए विटैलिटी ब्लास्ट टी-20 मैच के दौरान साल्ट द्वारा इस्तेमाल किए गए बल्ले को क्रिकेट नियामक की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) ने मंजूरी दे दी है।

क्लब ने बयान में कहा, 'साल्ट पर ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) के नियम 3.2 और 3.3 के उल्लंघन का आरोप है, क्योंकि विटैलिटी ब्लास्ट मैच के दौरान उनका बल्ला मैदान पर गेज परीक्षण में सही नहीं पाया गया था। यह वही बल्ला है जिसका इस्तेमाल उन्होंने पिछले दो साल से इंग्लैंड, लंकाशर और आईपीएल के लिए बिना किसी समस्या के किया। बयान के अनुसार, 'लेकिन क्रिकेट नियामक संस्था द्वारा बाद में किए गए परीक्षण में इसे सही पाया गया। क्लब और खिलाड़ी को इस बारे में सूचित कर दिया गया है और अब इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### इंडिया-इंग्लैंड टेस्टः

# क्या लॉर्ड्स में कपिल-धोनी-कोहली के क्लब में शामिल होंगे गिल?

## यहां 93 साल में तीन टेस्ट जीता भारत




**लंदन, एजेंसी।** भारत ने लॉर्ड्स के मैदान पर सबसे पहला टेस्ट 1932 में खेला था। अब तक 93 साल में टीम इंडिया ने इस मैदान पर कुल 19 टेस्ट खेले हैं और सिर्फ तीन जीते हैं। 12 मुकाबलों में भारतीय टीम को हार मिली है और चार टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में गुरुवार से खेला जाएगा।

इस टेस्ट की तैयारी को लेकर भारतीय टीम जमकर पसीना बहा रही है। भारत की प्लेइंग-11 में एक बदलाव तय माना जा रहा है। जसप्रीत बुमराह की वापसी होना तय है। वहीं, इस टेस्ट में शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाजों से भी काफी उम्मीदें होंगी। लॉर्ड्स में भारतीय टीम का पिछले कुछ दौरों पर रिकॉर्ड शानदार रहा है। 2021 में विराट कोहली की अगुआई में टीम इंडिया ने यहां ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। अब उनके उत्तराधिकारी शुभमन गिल की कप्तानी में भी फैंस जीत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि, अब तक टीम इंडिया ने लॉर्ड्स के मैदान पर सिर्फ तीन टेस्ट ही जीते हैं। इन तीनों टेस्ट में अलग-अलग कप्तान रहे और अलग-अलग खिलाड़ियों को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी मिला।

### इस मैदान पर भारत के रिकॉर्ड के बारे में जानते हैं...भारत का लॉर्ड्स में रिकॉर्ड

भारत ने लॉर्ड्स के मैदान पर सबसे पहला टेस्ट 1932 में खेला था। अब तक 93 साल में टीम इंडिया ने इस मैदान पर कुल 19 टेस्ट खेले हैं और सिर्फ तीन जीते हैं। 12 मुकाबलों में भारतीय टीम को हार मिली है और चार टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारत ने यहां कपिल देव की कप्तानी में 1986 में पांच विकेट से जीत हासिल की थी, जबकि 2014 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने लॉर्ड्स में 95 रन से मैच जीता था। साल 2021 में भारत ने यहां विराट कोहली की कप्तानी में 151 रन से जीत हासिल की थी। अब शुभमन गिल के पास लॉर्ड्स में जीत हासिल करने वाले चौथे भारतीय कप्तान बनने का मौका है। गिल की टीम के पास वह पूरा दमखम है, जिससे वह जीत हासिल कर सकते हैं।

हाल ही में उनकी टीम ने एजबेस्टन में इतिहास रचा था। भारतीय टीम एजबेस्टन में टेस्ट जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी और गिल पहले एशियाई कप्तान बने थे। अब वह लॉर्ड्स में भी कमाल कर सकते हैं।

# जिस विंबलडन मैच को देखने पहुंचे कोहली-अनुष्का, वहां अवनीत भी रहीं मौजूद, फैंस ने दीं प्रतिक्रियाएं






**लंदन, एजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा हाल ही में विंबलडन मैच देखने पहुंचे थे। उन्होंने सर्बिया के नोवाक जोकोविच और एलेक्स डि मिनोर के बीच हुए मुकाबले का लुत्फ उठाया। इस मैच को जोकोविच ने 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीता और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, मैच के दौरान कोहली और अनुष्का की जो तस्वीरें वायरल हुईं, उसमें दोनों का मुंह लटका हुआ दिखा था। इस पर सोशल मीडिया पर जमकर प्रतिक्रियाएं आईं कि दोनों निराश क्यों हैं। अब एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल, उस मैच को देखने अवनीत कौर भी पहुंची थीं। फैंस कोहली के निराश चेहरे और तस्वीर को इससे जोड़ रहे हैं। अवनीत कौर बॉलीवुड सेलिब्रिटी हैं, जिनके फोटो को एक बार कोहली ने लाइक करके अनलाइक कर दिया था। फिर कोहली ने फोटो लाइक करने को लेकर स्पष्टिकरण दिया था, जिससे जमकर बवाल हुआ था।

### कोहली के अवनीत के फोटो को लाइक करने से बढ़ा था विवाद

दरअसल, इसी साल दो मई को विराट कोहली ने अवनीत की फोटो लाइक कर दी थी। इसके बाद वह ट्रोल हो गए। बाद में विराट ने इंस्टाग्राम स्टोरी में फोटो लाइक करने के पीछे की वजह बताई थी और सफाई पेश की थी। मामला बढ़ता देख कोहली ने स्पष्टीकरण दिया जिससे इसे लेकर किसी तरह की गलतफहमी आगे ना बढ़े। हालांकि, इसने आग में घी डालने का काम किया। कोहली ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि जब मैं अपनी फीड देख रहा था तो शायद गलती से प्रतिक्रिया दी गई। इसके पीछे किसी तरह का कोई इरादा नहीं था। मैं अपील करता हूं किसी तरह की गैर जरूरी कयास नहीं लगा जाएं। आप लोगों का धन्यवाद।

# ब्रायन लारा ने बताया था कौन भारतीय खिलाड़ी तोड़ सकता है उनका 400 रन का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर काफी चर्चा हैं क्योंकि वो टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ब्रायन लारा के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वियान ने बाद में बताया कि लारा इस रिकॉर्ड को डीजर्व करते हैं और वो इसे नहीं तोड़ना चाहते थे। मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 334 गेंदों पर 367 रन बना लिए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने पारी की घोषणा कर दी थी।

### लारा ने लिया था यशस्वी और हैरी ब्रुक का नाम

वियान मुल्डर की चर्चित टेस्ट पारी के बीच इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइक आर्थटन ने एक बड़ा खुलासा किया और बताया कि उनकी एक बार ब्रायन लारा से बात हुई थी और फिर लारा ने उन्हें बताया था कि कौन खिलाड़ी उनके 400 रन के रिकॉर्ड को तोड़ सकता है। आर्थटन ने बताया कि लारा ने इसके लिए यशस्वी जायसवाल और इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रुक का नाम लिया था। लारा के मुताबिक उनके 400 रन के टेस्ट रिकॉर्ड को ये दोनों ध्वस्त कर सकते हैं।




आर्थटन ने स्काई क्रिकेट यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए बताया कि उन्होंने लारा से साल 2024 में उनके 400 रन के टेस्ट रिकॉर्ड के बारे में बात की थी और बातचीत के दौरान ही उन्होंने बताया था कि कौन उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ सकता है। लारा ने साफ तौर पर कहा था कि मॉर्डन डे टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल और हैरी ब्रुक जिस तरह की क्रिकेट खेलते हैं उससे उन्हें लगता है कि इन दोनों में ऐसा करने की काबिलियत है। आपको बता दें कि यशस्वी अपने टेस्ट डेब्यू के बाद से ही भारत के बेस्ट बल्लेबाजों में से एक रहे हैं।

यशस्वी जायसवाल के टेस्ट रिकॉर्ड की बात करें तो इस प्रारूप में उनका बेस्ट रिकॉर्ड 214 रन है और उन्होंने अब तक टेस्ट की 40 पारियों में 53.10 की औसत के साथ 2018 रन बनाए हैं। वहीं टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगा चुके हैरी ब्रुक ने 45 पारियों में 59.52 की औसत से 2619 रन बनाए हैं और उनका बेस्ट स्कोर इस फॉर्मेट में 317 रन है। यशस्वी इस वक्त इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और अच्छी फॉर्म में भी हैं।

## इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज को यकीन, फैब फोर में जगह बना सकते हैं शुभमन गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज मार्क रामप्रकाश ने भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की शानदार बल्लेबाजी तकनीक को सराहा है। रामप्रकाश के मुताबिक गिल ने फैब फोर (विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन) के दौर के बल्लेबाजों की जगह लेने की क्षमता दिखाई है।



लीड्स में शुभमन गिल ने 147 और आठ रन की पारी खेली, जिसके बाद एजबेस्टन में 269 और 161 रन जड़ दिए। गुरुवार से लॉर्ड्स में शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट से पहले, गिल ने पांच मैचों की सीरीज में 585 रन जोड़ लिए हैं। रामप्रकाश ने बुधवार को द गार्जियन में लिखा, हमें गिल की सिर्फ सहनशक्ति, स्किल और रन बनाने की भूख की सराहना ही नहीं करनी चाहिए, बल्कि एक युवा टीम के नए कप्तान के रूप में उदाहरण पेश करने की भी तारीफ करनी चाहिए।

## यूरोप दौरे पर भारत-ए पुरुष हॉकी टीम की शानदार शुरुआत, आयरलैंड को 6-1 से धोया



**आइंडहोवन, एजेंसी ।** भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड पर 6-1 से शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। भारत ने सभी चार क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन किया और कोई भी गलती नहीं की।

उत्तम सिंह ने टीम के लिए पहला गोल दागा और इसके बाद अमनदीप लाकड़ा ने टीम की बढ़त को और मजबूत किया। इसके बाद आदित्य लालागे ने लगातार दो गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

भारत की चुस्त-दुरुस्त रक्षापंक्ति के सामने आयरलैंड सिर्फ एक गोल ही कर सका। भारत का अगला मुकाबला 9 जुलाई को आयरलैंड से होगा, जहां उसे एक और सकारात्मक परिणाम की उम्मीद होगी। इस मुकाबले को भी जीतकर भारत यूरोप दौरे में अपनी लय को बरकरार रखना चाहेगा। इसके बाद अगले दो सप्ताह में भारतीय टीम फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड को चुनौती देगी।

इन मुकाबलों का उद्देश्य खिलाड़ियों की मजबूती और तैयारियों को परखना है। इस समय नेशनल सेटअप भारतीय सीनियर टीम के लिए एक मजबूत टैलेंट पूल तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है। इस दौरे के जरिए हॉकी इंडिया का मकसद भारतीय पुरुष नेशनल टीम के लिए प्रतिभा का दायरा बढ़ाना और भारतीय हॉकी की अगली पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव देना है।

# फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप-2025 के फाइनल में चेल्सी

**न्यू जर्सी, एजेंसी।** फ्लूमिनेंस को 2-0 से मात देकर चेल्सी ने क्लब विश्व कप-2025 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। इस सेमीफाइनल मैच के हीरो जोआओ पेड्रो रहे। दोनों गोल इसी खिलाड़ी ने दागे। ब्लूज के नए सदस्य ने दोनों हाफ में शानदार गोल करते हुए ब्राजीलियन टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।



अब चेल्सी का सामना रियल मैड्रिड सीएफ और पेरिस सेंट-जर्मेन के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता टीम से होगा। 70 हजार से ज्यादा फैंस से भरे स्टेडियम में चेल्सी को मुकाबले में अपनी पकड़ बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं लेना पड़ा। शुरुआती 10 मिनट में उन्होंने गेंद पर कब्जा जमा लिया और कुछ मौके बनाए। जोआओ पेड्रो का पहला गोल 18वें मिनट में आया, उन्होंने 20 गज की दूरी से एक शॉट लगाकर फुटबॉल को गोलपोस्ट के कोने में पहुंचाया। 25वें मिनट में हरक्यूलिस ने गोल का शानदार मौका बनाया, लेकिन कुकुरेला ने गोललाइन पर क्लियर कर दिया। पहले हाफ के अंत में फ्लूमिनेंस को पेनल्टी मिली। रिने का क्रॉस चालोबा के हाथ से टकराया, लेकिन वीएआर चेक के बाद फैसला बदल दिया गया। जोआओ पेड्रो ने मैच का दूसरा गोल 56वें मिनट पर किया। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने गोल की ओर बढ़ते हुए क्रॉसबार से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। जोआओ पेड्रो ने फ्लूमिनेंस से ही अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने इंग्लैंड आने से पहले क्लब के लिए 36 मुकाबले खेले थे।

यही वजह रही कि गोल दागने के बाद उन्होंने कोई खास जश्न नहीं मनाया। इसी के साथ चेल्सी ने लगातार दूसरे मुकाबले में ब्राजीलियन क्लब को हराया है, जिसके साथ 2023 की कोपा लिबर्टाडोरेस विजेता फ्लूमिनेंस के लिए इस टूर्नामेंट का अंत हो गया। फ्लूमिनेंस ने ग्रुप स्टेज में बोरुसिया डॉर्टमंड को रोका था, जिसके बाद उसने इंटर मिलान को हराया। टीम ने क्वार्टर फाइनल में अल-हिलाल को शिकस्त दी, लेकिन चेल्सी के सामने यह टीम कमजोर साबित हुई।

# 'जब हर 4 दिन में दाढ़ी रंगनी पड़ी', विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के फैसले पर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के अपने फैसले के पीछे की वजह का खुलासा कर दिया। विराट कोहली ने लगभग दो महीने बाद 8 जुलाई 2025 को पहली बार इस मुद्दे पर बात की। विराट कोहली ने दाढ़ी के रंग का हवाला देते हुए संकेत दिया कि अब समय आ गया है कि वह खेल के लाल गेंद वाले प्रारूप से नाता तोड़ लें।

**युवी के कार्यक्रम में इकट्ठा हुए दिग्गज क्रिकेटर्स:** युवराज सिंह ने अपने फाउंडेशन के लिए धन जुटाने हेतु लंदन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसमें कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेट हस्तियां एक ही छत के नीचे इकट्ठा हुईं। गौतम गंभीर के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ सहित पूरी भारतीय क्रिकेट टीम मौजूद थी। कार्यक्रम में सचिन तेंदुलकर, क्रिस गेल, केविन पीटरसन, ब्रायन लारा और आशीष नेहरा जैसे सितारे भी शामिल थे।

शहर के बीचों-बीच स्थित आलीशान होटल से निकलने से पहले टीम इंडिया लगभग एक घंटे तक रुकी और कुछ मजेदार एक्टिविटीज में हिस्सा लिया। जब सभी लोग डिनर के लिए तैयार हो चुके थे और अन्य एक्टिविटीज के शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, तभी विशाल स्क्रीन पर एक जाना-पहचाना चेहरा दिखाई दिया, जिसमें पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली अपने दोस्त केविन पीटरसन के साथ खाना खाते हुए बातें करते नजर आए। इसके बाद गौरव कपूर ने एक चैट सेशन का आयोजन किया, जिसमें भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री, क्रिकेटर युवराज सिंह, केविन पीटरसन, क्रिस गेल और डैरेन गॉफ शामिल हुए। शुरू में विराट कोहली मंच पर नहीं थे, लेकिन गौरव कपूर के आग्रह पर वह मंच पर आए और बाकी लोगों के साथ शामिल हो गए।



**मैंने 2 दिन पहले ही दाढ़ी रंगी है: कोहली:** बाद में क्रिस गेल के साथ एक खास मुलाकात में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर तब अनोखी प्रतिक्रिया दी जब गौरव ने कहा कि मैदान पर उन्हें सभी मिस करते हैं। विराट कोहली ने कहा, 'मैंने दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी रंगी है। जब आप हर चार दिन में अपनी दाढ़ी को रंगते हैं तो आपको पता चल जाता है कि यही सही समय है।' विराट कोहली के साथ उनके पूर्व कोच शास्त्री भी थे और दोनों ने भारतीय क्रिकेट टीम के साथ बिताए समय के दौरान मिले सहयोग के लिए एक-दूसरे की प्रशंसा की। विराट कोहली ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर के साथ अपने रिश्ते के बारे में विस्तार से बात की और बताया कि कैसे इसने उन्हें एक टेस्ट क्रिकेटर बनने और देश के लिए जो कुछ भी हासिल किया, उसमें मदद की।

**रवि शास्त्री के बिना इतना शानदार नहीं होता करियर-कोहली:** विराट कोहली ने कहा, 'सच कहूं तो अगर मैं उनके साथ काम नहीं कर रहा होताज तो टेस्ट क्रिकेट में जो हुआ वह मुमकिन नहीं होता। हमारे बीच जो स्पष्टता थी, वह मिलना बहुत मुश्किल है।

क्रिकेटर्स के करियर में आगे बढ़ने के लिए यही सब कुछ है। अगर उन्होंने भी मेरा उतना साथ नहीं दिया होता जितना उन्होंने दियाज उन प्रेस कॉन्फ्रेंस में जहां उन्होंने आगे बढ़कर 'गोलियां' खाईं, ज्तो चीजें अलग होतीं और मेरे क्रिकेट के सफर में एक अहम हिस्सा होने के लिए मेरे मन में उनके लिए हमेशा सम्मान और आदर रहा है।'

**विराट कोहली ने 12 मई 2025 को की थी टेस्ट से संन्यास की घोषणा:** 12 मई को इंस्टाग्राम पर जारी एक संदेश में विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एक ऐसा प्रारूप जिसका उन्होंने अपने पूरे करियर में समर्थन किया। उन्होंने कहा था, 'इस प्रारूप से संन्यास लेना आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है।

मैंने इसमें अपना सब कुछ लगा दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं दिल से कृतज्ञता के साथ विदा ले रहा हूं- इस खेल के लिए, उन लोगों के लिए जिनके साथ मैंने मैदान साझा किया और हर उस व्यक्ति के लिए जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ने का अहसास दिलाया। मैं अपने टेस्ट करियर को हमेशा मुस्कुराते हुए याद करूंगा।'

# सीएम हेल्पलाइन के आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करें : कलेक्टर

**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर स्वयं ध्यान देकर इनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें। राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, गृह विभाग, पीएचई, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करके विभागीय रैंकिंग में सुधार करें। सभी अधिकारी टीएल पत्रों का समय



सीमा में प्रतिवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी जिलाधिकारी अब ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइलें कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करें। अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई ऑफिस व्यवस्था सात दिवस में लागू कर दें। जो विभाग ई ऑफिस में आनबोर्ड हो गए हैं वे फाइलों का परिचालन इसी माध्यम से करें। शेष कार्यालय जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क करके ई ऑफिस में ऑनबोर्ड कराएं। कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र हितग्राहियों के नाम राशन मित्र पोर्टल से पृथक करें साथ ही शेष हितग्राहियों का 15 जुलाई तक ई केवाईसी अपडेशन अनिवार्य रूप से करा दें। जिले में विभिन्न विभागों से स्वीकृत निर्माण कार्यों के भूमिपूजन तथा पूर्ण कार्यों के लोकार्पण के लिए इनकी सूची दो दिवस में उपलब्ध कराएं। मऊगंज जिले में जिन विभागों के कार्यालय मंजूर हो गए हैं उनके कार्यालय भवनों के निर्माण के लिए जमीन का आवंटन तत्काल कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कृषि आदान, वर्षाजनित रोगों से बचाव और उपचार की व्यवस्था, पीएम किसान सम्मान निधि तथा जलप्रपातों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## रीवा संभाग में अब तक 290 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** रीवा संभाग में एक जून से अब तक 290 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। संभाग में सर्वाधिक 500.7 मिलीमीटर वर्षा मऊगंज जिले में दर्ज की गई है। संभाग में अब तक रीवा जिले में 165.8 मिलीमीटर, मऊगंज में 500.7 मिलीमीटर, सतना में 235.2 मिलीमीटर, मैहर में 238.6 मिलीमीटर, सीधी में 333.2 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 272.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 149 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। संभाग की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1090.3 मिलीमीटर है। संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्त्रोत बाणसागर बांध में 9 जुलाई को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 338.73 मीटर तक पहुंच गया है। गत वर्ष 9 जुलाई तक इसका जल स्तर 332.29 मीटर पर था।

# ननि में जनाग्रह टीम के साथ बैठक सम्पन्न

**रीवा।** नगर निगम रीवा को स्वयं के आय स्रोतों से राजस्व में वृद्धि कर वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से परामर्श एवं तकनीकी सलाह हेतु 'जनाग्रह' की टीम नगर निगम रीवा पहुंची है। इस क्रम में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे की अध्यक्षता में 'जनाग्रह' टीम के साथ निगम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम की स्वयं के आय स्रोतों से वित्तीय सुदृढ़ता में आने वाली चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। जनाग्रह की टीम विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण एवं पर्यवेक्षण कर नगर निगम के कार्यों का विस्तृत अध्ययन करेगी। उल्लेखनीय है कि जनाग्रह की टीम स्टेट फाइनेंस पॉलिसी, सिटी फाइनेंशियल पोर्टल तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की नीतिगत अवधारणाओं पर कार्य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है। निगम आयुक्त डॉ. सोनवणे ने बताया कि टैक्स संग्रहण में आने वाली चुनौतियों को दूर करने, जीआईएस का प्रभावी उपयोग करने, कॉलोनी विकास



एवं राजस्व वसूली की डिमांड जनरेशन प्रक्रिया को सशक्त बनाने, राजस्व स्रोतों की बेहतर पहचान करने, आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियमों के अनुरूप राजस्व की संभावनाओं को बढ़ाने, रेंटल इनकम के नए स्रोत विकसित करने तथा जलकर संग्रहण में स्व-सहायता समूहों की भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे बिंदुओं पर कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न नगर निगमों द्वारा लागू किए गए सफल मॉडलों को रीवा में भी लागू कर नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाई जाएगी। जनाग्रह टीम ने बताया कि वह नगर निगम रीवा की मौजूदा वित्तीय स्थिति का विस्तृत अध्ययन कर नई कार्ययोजना तैयार करेगी, कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन में सहयोग करेगी। जिससे निगम आत्मनिर्भर और वित्तीय रूप से सक्षम निकाय के रूप में स्थापित हो सके। जनाग्रह का नगरीय वित्त एवं नीतियों में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य का अनुभव निगम को लाभान्वित करेगा। बैठक में जनाग्रह दल से श्री वासु साहा, सुश्री अनिका अशरफ, सुश्री शालू सपनानी, ओन सोर्स रेवेन्यू (ओएसआर) नोडल अधिकारी उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, उपायुक्त राजस्व श्री एम.एस. सिद्दीकी, सहायक आयुक्त श्री रामनरेश तिवारी, सुश्री शीतल भलावी, सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, श्री राजेश मिश्रा, सहायक राजस्व अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह, श्री नीलेश चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम वासियो में दहशत फैलाने वाले आरोपी को तलवार सहित किया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह जिला रीवा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह जिला रीवा एवं एसडीओपी सिरमौर श्री उमेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया निरी. विकास कपीस के नेतृत्व में हमराह स्टाफ व्दारा सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में तलवार लेकर आमजन में दहसत फैलाने वाले आरोपी को तलवार सहित गिरफ्तार किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण में दिनांक 01.07.2025 को फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सेमरिया जिला रीवा में आमजन मानस में तलवार का भय दिखाकर जबरजस्ती खेत की जुताई करने एवं मना करने पर नही मानने पर आरोपीगणो शंकर मिश्रा निवासी भमरा एवं मन्नू पाण्डेय निवासी कोलौरा के विरुद्ध आर्म्स एक्ट एवं अन्य विधिसंगत धाराओ पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था एवं आरोपीगणो की पतारशी की गई किन्तु दोनो आरोपी लगातार फरार थे एवं सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में तलवार लिये व्यक्ति की पहचान कराई तो तलवार लहरा रहे व्यक्ति की पहचान मन्नू पाण्डेय उर्फ रोहित कुमार पाण्डेय पिता देवनायक पाण्डेय उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 कोलौरा थाना सेमरिया जिला रीवा के रूप में हुई तदुपरान्त आरोपी मन्नू पाण्डेय की पता तलाश की गई तो मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मन्नू पाण्डेय तलवार लिये राहगीरो में दहसत फैला रहा है जिसे पुलिस टीम के व्दारा घेराबंदी कर पकडा गया एवं आरोपी मन्नू पाण्डेय के कब्जे से एक नग लोहे की तलवार जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना परिजनो को दी गई एवं आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया, आरोपी के विरुद्ध थाना सेमरिया जिला रीवा में पूर्व से 05 अपराध पंजीबद्ध हैं।

जप्त मशरूका में एक लोहे की तलवार कीमती 1,000 रुपये।

गिरफ्तार आरोपी-मन्नू पाण्डेय उर्फ रोहित कुमार पाण्डेय पिता देवनायक पाण्डेय उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 कोलौरा थाना सेमरिया जिला रीवा।

कार्यवाही में सहयोग में निरी. विकास कपीस थाना प्रभारी सेमरिया, प्र.आर.241 सतेन्द्र तिवारी, आर. 173 प्रबल त्रिपाठी, आर. 229 शिवम सिंह, म.आर. 712 मेघा पटेल, आर.869 अजय त्रिपाठी।

## फरार आरोपी पर 30 हजार का ईनाम

**रीवा।** पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने सीधी जिले के दो आरोपियों को बंदी बनाने अथवा बंदी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को 30 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है। सीधी जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र में दर्ज आपराधिक घटना में दो आरोपी अतिबल कोल पिता भूरा कोल तथा नंदलाल कोल पिता जेठू कोल दोनों निवासी ग्राम मलदेवा शामिल थे। घटना दिनांक से दोनों आरोपी फरार हैं। पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा इन्हें बंदी बनाने के लिए 10 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की थी। इस घोषणा को निरस्त करते हुए पुलिस महानिरीक्षक ने 30 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है। यह घोषणा पुलिस एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है। इस संबंध में पुलिस महानिरीक्षक का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

# पुलिस ने अवैध देशी कट्टा लेकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह जिला रीवा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात जिला रीवा एवं एसडीओपी महोदय सिरमौर जिला रीवा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया निरी. विकास कपीस के नेतृत्व में हमराह स्टाफ व्दारा सोशल मीडिया में अवैध देशी कट्टा लेकर आमजन में दहसत फैलाने वाले आरोपी से अवैध देशी कट्टा जप्त किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर थाना प्रभारी सेमरिया निरी. विकास कपीस हमराह स्टाफ के व्दारा रेड कार्यवाही करने पर मेहतरा तालाब की मेंड कस्बा सेमरिया में एक व्यक्ति मिला जो पुलिस मौजूदगी को देखकर भागने लगा जिन्हे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकडा गया और नाम पता पूंछा गया तो उसने अपना नाम शिवम शर्मा उर्फ सिब्बू पिता राकेश कुमार शर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 सेमरिया थाना सेमरिया जिला रीवा का होना बताय जिसके तलाशी ली गई तो आरोपी शिवम शर्मा कमर में दाहिने तरफ पैंट के अंदर एक लोहे का देशी कट्टा खोंसे लिये मिला जिससे कट्टा रखने के संबंध में कागजात चाहे गये जो कोई कागजात नहीं होना बताया समक्ष गवाहानो के आरोपी शिवम शर्मा उर्फ सिब्बू से एक नग लोहे का देशी कट्टा मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया कर आरोपी शिवम शर्मा उर्फ सिब्बू के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जप्त मशरूका में एक लोहे का देशी कट्टा कीमती 3,000 रुपये।

गिरफ्तार आरोपी में शिवम शर्मा उर्फ सिब्बू पिता राकेश कुमार शर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 सेमरिया थाना सेमरिया जिला रीवा।

कार्यवाही में सहयोग में निरी. विकास कपीस थाना प्रभारी सेमरिया, प्र.आर.970 हफीजुर्रहमान, आर.217 शैलेन्द्र सूर्यवंशी, आर.824 सुजीत शर्मा, म.आर. 712 मेघा पटेल, आर.869 अजय त्रिपाठी, आर. 173 प्रबल त्रिपाठी।

## उपायुक्त जनजातीय कार्य का प्रभार मालवीय को

रीवा। कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग का प्रभार कमिश्नर कार्यालय के संयुक्त आयुक्त सुदेश कुमार मालवीय को देने के आदेश दिए हैं।

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एक अगस्त को, पंजीयन 18 जुलाई तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश पर्यटन संपदाओं से भरा-पूरा प्रदेश है। प्रदेश के ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों एवं प्राकृतिक स्थलों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिले में एक अगस्त को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एव सचिव डीएटीसीसी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराना है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम, विद्यालयों का पंजीयन 25 जून से 18 जुलाई तक किया जा सकता है। पंजीयन की सुविधा पर्यटन विकास निगम की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट टूरिज्म डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर आनलाइन उपलब्ध है। प्रतियोगिता में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

## ग्राम पंचायत सचिव मटियरा के वित्तीय अधिकार समाप्त, होगी वसूली

**मउगंज।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत मटियरा के ग्राम पंचायत सचिव राजेन्द्र तिवारी के वित्तीय अधिकार समाप्त करने के आदेश दिए हैं। ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में अनियमितता की 5 सदस्यीय टीम द्वारा जाँच कराए जाने पर 63 लाख 49 हजार 868 रुपए की राशि ग्राम पंचायत द्वारा अनधिकृत रूप से आहरित करने के प्रमाण मिले।

## ननि द्वारा नाला एवं नालियो का किया जा रहा सफाई कार्य

**रीवा।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी थीम के तहत एवं वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नगर निगम के नाला गैंग द्वारा अभियान के रूप में लगातार नाला नालियो की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत नाला गैंग द्वारा दिनांक 09 जुलाई को वार्ड 35 घोघर बदरिया मुक्तिधाम की सफाई कराई गई। वार्ड 27 बिछिया थाना से लेकर जिला अस्पताल के आगे तक बड़ा नाला की सफाई कराई गई। वार्ड 14 शिल्पी कुँज के सामने का बडा नाला साफ कराया गया। समान नाका से जेएनसिटी चौराहा तक, सुभाष तिराहा से निराला नगर गेट तक, छोटी पुल से लेकर ट्रांसपोर्ट नगर गेट तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई, फ्लाई ओवर रोड़ की सफाई कराई गई एवं सभी स्थानों से कचरे का उठाव टैक्टर एवं टैम्पों द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव का निरीक्षण किया गया।

## शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने वाले एवं मारपीट करने वाले आरोपी को एक लोहे की राड के साथ किया गया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक लाल के कुशल निर्देशन व एसडीओपी सिरमौर श्री उमेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरमौर उप निरीक्षक दीपक तिवारी एवं पुलिस टीम द्वारा शराब पीने के लिए पैसे मांगने व ना देने पर मारपीट करने वाले आरोपीको किया गिरफ्तार



घटना का संक्षिप्त विवरण में दिनांक 08.07.2025 को फरियादी मधुबन दाहिया द्वारा थाना सिरमौर में आकर रिपोर्ट लेख कराया गया कि मैं रीवा रोड तरफ से घर जा रहा था तभी आरोपी शिवशरण गुप्ता द्वारा शराब पीने के लिए मुझसे पैसे मांगे गये जब मैने मना किया तो मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लोहे के रोड से मेरे साथ मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से चला गया। रिपोर्ट पर थाना सिरमौर में धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर लोहे की राड जप्त कर बाद कार्यवाही आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया है। जप्तशुदा मशरूका में एक अदद लोहे की राड।

गिरफ्तार आरोपी में शिवशरण गुप्ता उर्फ छोटे पिता रामखेलावन गुप्ता उम्र 59 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 08 सिरमौर थाना सिरमौर जिला रीवा।

सराहनीय भूमिका में थाना प्रभारी सिरमौर उप निरीक्षक दीपक तिवारी थाना प्रभारी सिरमौर , प्र.आर. 537 अशोक सिंह, आर. 354 कैलाश सोलंकी, आर. 1113 सत्यप्रकाश सिंह।

## परीक्षा पूर्व नि :शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 जुलाई तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 जुलाई को

**रीवा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है।

## रोजगार मेला 16 जुलाई को आईटीआई में आयोजित

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 16 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 9 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा।

# ननि द्वारा एक दिवसीय विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया

**रीवा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार ''सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओं'' थीम पर आधारित नगर पालिक निगम की स्वच्छता टीम द्वारा जोन क्र. 04 के अंतर्गत वार्ड 39 स्थित रानी तालाब (धार्मिक एवं पर्यटक स्थल) में एक दिवसीय विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं आम नागरिकों को मानसून के मौसम में फैलने वाली बीमारियों जैसे



डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, हैजा, उल्टी-दस्त, वायरल बुखार आदि से बचाव हेतु विशेष जानकारी दी गई। साथ ही लोगों से अपील की कि वे धार्मिक स्थलों एवं पर्यटक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग दें एवं कचरे को इधर-उधर न फेंकें बल्कि डस्टबिन में ही डालें। साथ ही तालाब परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर वहां फैली गंदगी को हटाया गया। इसके अतिरिक्त, नगर निगम स्वच्छता टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 33 की कालोनियों एवं रहवासी क्षेत्रों में नालियों की सफाई सफाई की गई जिससे जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो और मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके और संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सके।

## शहर में नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान निरंतर जारी

**रीवा।** रीवा शहर में नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान निरंतर जारी है। जिसमें दिनांक 09 जुलाई को चिरहुला मंदिर मार्ग में मुख्य सड़क से मंदिर तक व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर अपनी दुकान की सामग्री को सड़क पर रखकर बेचा जा रहा था साथ ही टीन सेड लगाकर आवागवन अवरूद्ध किया जा रहा था। उक्त व्यापारियों को पूर्व में भी समझाइस दी गई थी जिस पर आज जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन द्वारा पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई।

## गोपनीय प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करें

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को वर्ष 2024-25 का वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सभी अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित प्रक्रिया और समय सीमा का पालन करते हुए गोपनीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। अधीनस्थ जिला अधिकारियों को भी इस संबंध में निर्देशित करें। अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन प्राप्त कर उनमें मतांकन के पश्चात अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रेषित करें।

## कमिश्नर 14 जुलाई को करेंगे निर्माण कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 14 जुलाई को सुबह 11 बजे से संभागीय बैठक में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में अति वर्षा तथा बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।







नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

शिक्षा के प्रकाश से जीवन को आलोकित करने वाले

**गुरुओं का आभार व्यक्त करती मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी पहल**

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय, भोपाल का लोकार्पण**

**एवं**

**विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण शुभारंभ कार्यक्रम**

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**10 जुलाई, 2025 । दोपहर 12:30 बजे**

**कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय, भोपाल**





तपोधरा मध्यप्रदेश ऋषि परंपरा की जीवंत धरोहर है। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी बड़ा माना गया है। हमारा प्रदेश महर्षि सांदीपनि, जगतगुरु श्रीकृष्ण एवं अनेक कालजयी गुरुओं जैसे महर्षि वेद व्यास, अत्रि, अगस्त्य, च्यवन ऋषि, परशुराम, विश्वामित्र, दत्तात्रेय, ऋषि जाबाली, गालव ऋषि, पतंजलि, महावीर स्वामी, आदिशंकराचार्य, मत्स्येन्द्रनाथ, भर्तृहरि, चार्वाक, भरतमुनि, श्री वल्लभाचार्य, स्वामी हरिदास, गुरु नानकदेव, संत सिंगाजी, सेन भगत, संत रविदास, स्वामी जदरूप आदि की तपोभूमि और कर्मस्थली रही है। उनके तप, त्याग और ज्ञान से हमारे देश-प्रदेश ने सदैव ही दिशा पाई है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हम उन सभी पूज्य गुरुओं का सादर वंदन करते हैं। सभी प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक मंगलकामनाएं।

**- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

D-11061/25

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833